मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 203 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
07 जनवरी 2024 रविवार

# दोपहर मेट्रो

बेबाक खबर हर दोपहर

**आज का मौसम**

19 अधिकतम
13 न्यूनतम




## सीएम यादव ने किया लोकार्पण, मालवा के व्यंजनों की व्यापक ब्रांडिंग

# अब महाकाल महालोक में सबसे स्वस्थ व स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब 'प्रसादम' शुरू





*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज उज्जैन की भृतहरी गुफा गौशाला में गायों को भूसा और चारा खिलाया। दूसरे चित्र में महालोक में निर्मित फूड हब प्रसादम का।*

**उज्जैन , दोपहर मेट्रो**

महाकालेश्वर मंदिर के नवविस्तारित क्षेत्र महाकाल महालोक में देश के सर्वश्रेष्ठ स्वस्थ और स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब 'प्रसादम' और 'अवंतिका हाट बाजार' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मंडाविया भी शामिल हुए। इसके साथ ही 218 करोड़ रुपये के 187 स्वास्थ्य संस्थाओं के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया गया। उन्होंने भैरवगढ़ जेल का औचक निरीक्षण किया व यहां गार्ड ऑफ ऑनर लेने से इंकार किया।

प्रसादम में विभिन्न व्यंजनों की उपलब्धता के लिए लगभग 50 फूड स्टाल खोले जाएंगे, इसके लिए जल्द ही दुकान आवंटित होगी। यहां स्वच्छ वातावरण में लोग मालवा के प्रसिद्ध दाल-बाफले-लड्डू, पोहा-जलेबी सहित अन्य स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ भी उठा सकेंगे। यहां खाद्य पदार्थों की जांच के लिए भी स्टाल रहेगा। क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखा जाएगा। हेल्दी एंड हाइजेनिक फूड स्ट्रीट की वेबसाइट भी लांच की गई है। यहां जैविक उत्पादों के स्टाल लगाए जाएंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने आज उज्जैन के विभिन्न आश्रमों का भ्रमण किया। गौमाता को चारा भी खिलाया। वे संत बाल योगी उमेशनाथ आश्रम पहुंचें व चर्चा की। फिर वे बाल्मिकी धाम, भृर्तहरि गुफा भी गये। यादव भैरवगढ़ केन्द्रीय जेल परिसर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## मकर संक्रांति पर मप्र में चार दिन का उत्सव

मकर संक्रांति पर मध्य प्रदेश में तीन से चार दिन उत्सव बनाया जाएगा। इस दौरान पारंपरिक पतंगबाजी, गुल्ली-डंडे सहित अन्य खेल होंगे। वहीं, युवाओं को इस पर्व का वैज्ञानिक महत्व बताने के लिए विज्ञान जागरूकता संबंधित आयोजन होंगे, जिसमें विज्ञानी भी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश में 10 से 15 जनवरी के बीच महिला सशक्तीकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। लाड़ली बहना योजना की राशि बहनों के खातों मे 10 जनवरी को जमा होगी।

## ठिठुरते लोगों को कंबल वितरित

मुख्यमंत्री शनिवार देर रात दिल्ली से उज्जैन पहुंचे तो चामुंडा चौराहा पर ठंड में ठिठुरते हुए बुजुर्गों को कंबल बांटे। इसके बाद देवास गेट बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर वहां मौजूद यात्रियों को उन्होंने जब ठंड में ठिठुरते देखा तो उनसे बातचीत की और उन्हें कंबल वितरित किए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी भोपाल में भी कुछ दिन पूर्व रैन बसेरों और शहर के विभिन्न हिस्सों में शीतकाल में फुटपाथ पर रात बिता रहे निर्धन लोगों से मुलाकात की थी और उन्हें कंबल वितरित किए थे।

# कांग्रेस की सीट शेयरिंग पर चर्चा की शुरूआत बिहार से

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में सीट शेयरिंग पर अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है।मगर कांग्रेस ने आज से सीट शेयरिंग पर साथी दलों से बातचीत शुरू की है। यह शुरुआत बिहार से हो रही है। अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी यह काम आसान नहीं नजर आ रहा है। क्योंकि यहां जदयू और आरजेडी के रूप में दो बड़ी क्षेत्रीय पार्टियां हैं व दोनों ही गठबंधन में प्रमुख सहयोगी हैं। बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीट हैं। इसमें से 17-17 सीट पर जदयू और आरजेडी ने पहले ही दावा ठोंक दिया है। नीतीश कुमार और लालू



यादव की पार्टी का मानना है कि बिहार में कांग्रेस को सिर्फ 5 सीट पर चुनाव लड़ना चाहिए।

## मायावती ने अखिलेश को दी नसीहत

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा अपनी विश्वसनीयता पर सवाल



उठाए जाने पर मायावती ने उनको जवाब दिया है। उन्होंने सपा प्रमुख को खुद की गिरेबान में झांकने की नसीहत दी है। बसपा सुप्रीमो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, 'अपनी व अपनी सरकार की खासकर दलित-विरोधी रही आदतों, नीतियों एवं कार्यशैली आदि से मजबूर सपा प्रमुख द्वारा बीएसपी पर अनर्गल तंज कसने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में भी झांककर जरूर देख लेना चाहिए।मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी का दामन भाजपा को बढ़ाने व उससे मेलजोल के मामले में दागदार रहा है।

## अमीरों की जंग, 24 घंटे ही रईस रह सके अडानी

**मुंबई ।** दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में शामिल भारतीय रईसों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के



बीच संपत्ति की रेस रोज नए मोड़ ले रही है. शनिवार को शेयरों में आए उछाल से बढ़ी नेटवर्थ के चलते अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर बन गए थे, लेकिन 24 घंटों में उन्हें जो नुकसान हुआ है, उसके बाद एक बार फिर से ये ताज रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी के सिर सज गया है। अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से अडानी की शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में लगातार तेजी देखने को मिल रही थी। इसी के चलते उनकी नेटवर्थ तेजी से बढ़ी थी। कल यह 97.6 अरब डॉलर पर पहुंच गई थी, अडानी ने अंबानी को पीछे छोड़ दिया था।

# एयरफोर्स को बड़ी कामयाबी, रात में कारगिल पर उतारा सुपर हरक्यूलिस

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारतीय वायुसेना को बड़ी सफलता मिली है। वायुसेना ने अपने सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान को रात के समय कारगिल



हवाई पट्टी पर उतारने में सफलता हासिल की है। इस दौरान वायुसेना के गरुड़ कमांडोज को भी सुपर हरक्यूलिस विमान में बिठाकर कारगिल भेजा गया। यह कमांडोज की ट्रेनिंग ट्रेनिंग का भी हिस्सा था कि कैसे आपात स्थिति में उनकी जल्द से जल्द मोर्चे पर तैनाती की जा सकती है। गरुड़ कमांडो फोर्स, वायुसेना की स्पेशल फोर्स है। वायुसेना ने लैंडिंग का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। ऊंचाई वाले मुश्किल हालात में एयरक्राफ्ट की लैंडिंग हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहती है। ऐसे में कारगिल जैसे ऊंचे पहाड़ों वाले इलाके में सुपर हरक्यूलिस विमान की सफल लैंडिंग एक बड़ी सफलता है। इससे पहले वायुसेना के पायलटों ने उत्तराखंड में धारासू में सुपर हरक्यूलिस विमान की सफल लैंडिंग कराई थी। खास बात ये है कि ये लैंडिंग एक चुनौतीपूर्ण मौसम में कराई गई थी। धारासू में जहां लैंडिंग कराई गई, वह 3000 फीट की ऊंचाई पर स्थित जगह है।

अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन कंपनी द्वारा बनाया गया सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान एक ट्रांसपोर्ट विमान है, जो वायुसेना की 12वीं फ्लीट का हिस्सा है। इन्हें साल 2011 में वायुसेना में शामिल किया गया था।

# पूर्व कप्तान धोनी के हुक्का पीने पर बवाल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे एमएस धोनी के एक वीडियों ने सनसनी मचा दी है। इसमें धोनी के मुंह से धुंआ निकलता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो में धोनी किसी



पार्टी में नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्लैक कलर का सूट पहना हुआ है। वीडियो में धोनी कुछ लोगों के साथ खड़े होकर बात कर रहे हैं। वहीं उनके हाथ में हुक्के की पाइप भी नजर आ रही है। धोनी हुक्के का ड्रैग लेकर मुंह से धुंआ छोड़ते हुए भी नजर आए। उनकी इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। कुछ फैंस माही की वीडियो देखकर उनकी आलोचना कर रहे हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और कप्तान रहे जॉर्ज बेली ने भी इस बात का खुलासा किया था कि धोनी यंग प्लेयर्स के साथ बॉन्ड अच्छा करने के लिए कभी-कभी हुक्का पीते हैं। एक हुक्का धोनी के कमरे में भी मौजूद रहता है।

# कनाडा के पीएम की जगहंसाई



**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को एक बार फिर विदेशी धरती पर शर्मिंदा होना पड़ा है। क्योंकि उनके विमान ने फिर धोखा दे दिया। जी-20 के दौरान जब वह नई दिल्ली में भाग लेने आए थे, तब भी उनका विमान उड़ान नहीं भर पाया था। अब एक बार फिर ट्रूडो जमैका में फंसते-फंसते बचे। वे छुट्टियां बिताने परिवार के साथ जमैका गए थे। लौटते वक्त रूटीन जांच के दौरान विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। इसके बाद कनाडा ने अपने दो विमान भेजे तब जाकर उसे ठीक किया जा सका। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्यों समेत सोफी ग्रेगोइरे भी थीं, जिनसे वह 2023 में अलग हो गए थे।




**मेट्रो एंकर**

## अनूप जलोटा से एआर रहमान तक गाएंगे भजन

# अयोध्या में श्यामल रंग की होगी राम प्रतिमा

**अयोध्या, एजेंसी।**

रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरशोर से जारी हैं। अयोध्या को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। सभी की निगाहें रामलाल की मूर्ति पर है। बताया जाता है कि यह मूर्ति बनकर तैयार हो गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मूर्ति को लेकर एक कार्यक्रम की दौरान साफ किया कि जो मूर्ति श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित होगी, वह श्यामल रंग की होगी। बाकी दोनों अलग-अलग स्थल पर होंगी। इसकी वजह रामचरितमानस और बाल्मीकि रामायण में वर्णित राम के स्वरूप भी माना जा रहा है। इसके आधार पर राम मंदिर ट्रस्ट ने यह निर्णय लिया। कर्नाटक के पत्थरों से बनाई जा रही दो श्यामल पत्थरों में से एक मूर्ति श्री राम केगर्भ गृह मंदिर में स्थापित की जाएगी।

राय के मुताबिक 'अगर पैर की उंगली से विचार करें तो आंख की भौत यानि ललाट तक यह मूर्ति चार फीट, 3 इंच की प्रतिमा है, लगभग 51 इंच ऊँची डेढ टन की है.इसके ऊपर थोड़ा मस्तक, थोड़ा



मुकुट, थोड़ा आभामंडल हैं। पूजा विधि 16 जनवरी से प्रारंभ होगी। मूर्ति गर्भ ग्रह में अपने आसन पर 18 तारीख को दोपहर तक स्थापित कर देंगे। विशेषता यह है कि अगर जल से स्नान हो, दुग्ध से स्नान हो तो पत्थर का कोई प्रभाव दूध और पानी पर नहीं पढ़ना चाहिए।

## कल से 76 दिन चलेगा उत्सव

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम तो 22 जनवरी को होगा, लेकिन उत्सव 8 जनवरी से ही शुरू हो जाएगा। यह रामोत्सव 76 दिनों तक चलेगा। राम महोत्सव में अनूप जलोटा, अनुराधा पौड़वाल, कविता पौड़वाल, हरिहरन, शंकर महादेवन, कैलाश खेर, सोनू निगम, एआर रहमान, शंकर महादेवन, शर्मा बंधुओं के भजन भी होंगे। प्राण प्रतिष्ठा तक ये आयोजन होंगे। वहीं, सामूहिक शंखनाद, सामूहिक सरयू आरती के जरिए विश्व रेकॉर्ड बनाने की भी तैयारी है। इस दौरान अयोध्या के रामकथा पार्क में काकभुशुण्डि मंच पर 11 जाने-माने कथा वाचक रामकथा कहेंगे। इस दौरान अयोध्या में देश-विदेश के 35000 कलाकारों का सांस्कृतिक समागम होगा। रोजाना 500 कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को राममय करेंगे। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख 35 स्थानों पर होंगे। केश ने बताया कि अयोध्या में रामकथा और प्रवचन के लिए लोकप्रिय कथावाचकों को आमंत्रित किया गया है। इनमें चिन्मयानंद बापू महाराज, देवकीनंदन ठाकुर ऋषिराज त्रिपाठी साध्वी ऋतंभरा, महंत राम दिनेशाचार्य , पं. ऋषिराज त्रिपाठी , उज्ज्वल शांडिल्य का एक-एक हफ्ते का शेड्यूल तय किया गया है। ये कथाएं 24 मार्च तक चलेंगी। कुल 25 पौराणिक स्थलों और मंचों पर सांस्कृतिक काय्रक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान विदेश और दूसरे राज्यों की रामलीलाओं का भी मंचन किया जाएग।

# कोलार सिक्सलेन क्षेत्र में वायु प्रदूषण से राहत

## बूंदाबांदी होने के कारण कम हुआ धूल का स्तर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार सिक्सलेन वाले क्षेत्रों में हजारों लोगों को वायु प्रदूषण से मामूली राहत मिली हुई है। बूंदाबांदी होने के कारण धूल, धुएं और अन्य हानिकारक कणों का स्तर कम हुआ है। जिसके कारण वायु प्रदूषण में गिरावट आई है। असल में बीते चार दिनों से मौसम काफी बदला हुआ है। रह-रहकर बूंदाबांदी हो रही है। ऐसे समय में धूल के फैलाव का स्तर कमजोर पड़ जाता है क्योंकि धूल के कण बारिश की बूंदों में गीले होने के कारण जमीन की स्तर के उपर वाले हिस्से में फैल नहीं पाते। आमतौर पर जब भी पूरी तरह शुष्क मौसम की तुलना में वातावरण में मामूली नमी होती है तब यही धूल के कण हल्के भारी हो जाते हैं और वातावरण में बने रहते हैं। जिसके कारण वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। यही वजह है कि एक सप्ताह पहले तक भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर व इंदौर समेत लगभग सभी शहरों का एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 से 400 के बीच पहुंच रहा है जो कि अब 200 के आसपास है।



# स्कूल स्तर से 15 जनवरी से शुरू होगी विज्ञान प्रदर्शनी



## राज्य स्तर के लिए फिलहाल तारीख तय नहीं, 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे,

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य शिक्षा केंद्र ने राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं समाजिक विज्ञान प्रदर्शनी सत्र 2023-24 के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार इसमें समाजिक विज्ञान को भी जोड़ा गया है। प्रदर्शनी का आयोजन स्कूल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक किया जाएगा। 15 जनवरी से इसकी शुरूआत होगी। इसमें प्रदेश के स्कूलों के कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे, जिनके अलग-अलग समूह में मॉडल चयनित किए जाएंगे।

### यह है कार्यक्रम

राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, स्कूल स्तर पर 15 जनवरी से पहले प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसके बाद जनशिक्षा केंद्र स्तर पर 19-20 जनवरी, विकासखंड स्तर पर 23-24 जनवरी, जिला स्तर पर 27-28 जनवरी, जोन स्तर पर 2-3 फरवरी को प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। हालांकि राज्य स्तर पर प्रदर्शनी के आयोजन के लिए फिलहाल तिथि जारी नहीं की गई है।

## अवैध रूप से बाल गृह संचालित करने का मामला

# मजिस्ट्रियल जांच शुरू, दो अधिकारी सस्पेंड, दो को थमाए नोटिस

### विदेशी फंडिंग की भी होगी जांच, सोमवार को परिजन को दस्तावेजों के साथ बुलाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित आंचल बालगृह में बीते गुरूवार देर रात राष्ट्रीय बाल आयोग और मप्र बाल आयोग की टीम द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के बाद कई चैकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। दूसरी ओर जिला प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए सीडीपीओ बृजेंद्र प्रताप सिंह (वर्तमान में गंजबासौदा में पदस्थ) व सीडीपीओ कोमल उपाध्याय, सुपरवाइजर मंजूषा राज को निलंबित किया है। महिला-बाल विकास अधिकारी सुनील सोलंकी और सहायक संचालक रामगोपाल यादव को शोकॉज नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि मामले में बाल आयोग की टीम द्वारा बाल गृह से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए हैं। जिनकी जांच की जा रही है। इसके साथ ही संस्था की अन्य गतिविधियों की भी पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा अवैध बालिका छात्रावास जिस जगह पर संचालित किया जा रहा है वह किसकी भूमि हैं और भवन अनुज्ञा शाखा से अनुमति ली है या नहीं। इस संबंध में जांच के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी जांच कराई जा रही है कि छात्रावास को संचालित करने के लिए फंड कहां से उपलब्ध कराया जा रहा था। विदेशी फंड तो नहीं दिया जा रहा था। इन सभी बिंदुओं पर पुलिस -प्रशासन की टीम जांच कर रही है।



**बिना दस्तावेज लेने पहुंचे, अब सोमवार को दस्तावेज के साथ बुलाया** :सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को बच्चियों को पेश किया गया और सभी को शासकीय बालिका गृह में रखवा दिया गया है। जब बच्चों के बयान दर्ज हो जाएंगे तब परिवार को सौंप दिया जाएगा। बिना पंजीयन चलाए जा रहे इस बालगृह में मिली 41 बच्चियों को पंजीयकृत अन्य बालगृहों में शिफ्ट किया गया है। पुलिस द्वारा बयान दर्ज करने के बाद बच्चियों की काउंसलिंग बाल कल्याण समिति द्वारा की जाएगी। जिसमें और खुलासे होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, कुछ बच्चियों के अभिभावक उन्हे लेने पहुंचे थे, लेकिन दस्तावेज के अभाव में उन्हे बच्चियां नहीं सौंपी गई। अभिभावकों को सोमवार को दस्तावेजों के साथ बुलाया गया है।

**सीसीटीवी कैमरे नहीं, किचन में मांस भी मिला:** जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ है कि परवलिया सड़क थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राताताल खजूरी और चंदूखेड़ी के बीच अवैध बालगृह करीब पांच वर्ष से संचालित किया जा रहा था, लेकिन जिसकी भनक तक स्थानीय थाना पुलिस, ग्राम पंचायत, जिला पंचायत और प्रशासन को नहीं लगी। जब इसकी सूचना राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को हुई तो टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान हॉस्टल के किचन में मांस रखा हुआ था। हॉस्टल में कई धर्म की बच्चियां हैं, पर यहां उनसे ईसाई धर्म की प्रैक्टिस कराई जा रही थी। एक बच्ची से मूर्ति विसर्जित करवाई गई। हॉस्टल में सीसीटीवी कैमरे नहीं है। वहीं रात को 2 महिलाओं? के अलावा 2 पुरुष गार्ड रहते हैं।?

### 26 नाबालिग लड़कियों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म मिले

इधर आंचल चिल्ड्रन होम के रिकॉर्ड में लापता बताई गईं सभी 26 नाबालिग लड़कियों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म मिले हैं। बाल संरक्षण आयोग को कार्रवाई के दौरान नाबालिग बच्चियों को उनके परिजनों के सुपुर्द करने की जानकारी बालगृह संचालक ने दी थी। लेकिन, इनकी सुपुर्दगी का कोई भी दस्तावेज आयोग के अफसरों को नहीं दे सके थे।

**कमिश्नर-कलेक्टर ने किया निरीक्षण, देर शाम सभी बच्चियां मिल गई :** खुलासे के बाद भोपाल कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। पूरा प्रशासनिक अमला बच्चियों को ढूंढने में लग गया। देर शाम सभी बच्चियां मिल गई। इन बच्चियों को पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से खोज निकाला है। बाल गृह का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था। आंचल चिल्ड्रंस होम का संचालन 23 फरवरी 2020 से हो रहा है। चाइल्ड लाइन सेवा का संचालन चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन एनजीओ करता है। मार्च 2023 में केंद्र इससे करार खत्म कर चुका है।

# एसबीआई भोपाल मण्डल ने गरीबों को कम्बल बांटे

**भोपाल।** मौसम परिवर्तन और बढ़ती सर्दी ने लोगों के दैनिक जीवन को काफी प्रभावित किया है। उन लोगों की पीड़ा को महसूस करते हुए, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) मण्डल ने असहाय और जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोबारा साबित किया है। भोपाल मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने सामाजिक जवाबदेही के तहत एक प्रशंसनीय पहल की शुरुआत की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से हमीदिया अस्पताल एवं हमीदिया अस्पताल के रैन बसेरा में कम्बल वितरित किए जो खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों को सर्दी से बचाने का प्रयास करते हैं।

मुख्य महाप्रबंधक शर्मा ने सिर्फ



भोपाल में ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी 35 क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालयों को भी इसी प्रकार की पहल करने के लिए निर्देशित किया। उन्हें निराश्रित और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के लिए गर्म कपड़े और कंबल वितरित करने के लिए निर्देश किया।

# राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में ईशा अहिरवार ने बाजी मारी




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल मुकिता इन्टरनेशनल स्कूल की टीम ने राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में हिस्सा लिया,जिसमें बालिका टीम में जबलपुर राज्य स्तर पर खेलने गयी, राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल टीम से ईशा अहिरवार का चयन हुआ, छत्तीसगढ़ में 42वीं राष्ट्रीय स्तर जूनियर खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने ईशा अहिरवार को बधाइयां देते हुए कहा, अपनी ताकत को निखारना करना आपके हाथ में है। ईशा जैसे बच्चे देश को आगे बढ़ाते हैं, भारत को जानो, चित्रकला प्रतियोगिता में भी साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थी अव्वल रहे, ऐसे विद्यार्थी समाज व देश का भविष्य होते हैं।

कार्यक्रम में के.एस. मूर्ति (कोच), ईशा को बधाइयां देते हुए बताया कि खो-खो प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई थी, जिसमें ईशा ,का चयन हुआ और ईशा ने अच्छा प्रदर्शन किया वह बहुत ही सराहनीय रहा एवं खेलो इंडिया मध्य प्रदेश में 100 विद्यार्थियों में से ईशा का भी चयन हुआ है। इन विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थियों का सिलेक्शन किया जाएगा। शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप भी सरकार द्वारा दी जाएगी, ऐसे राष्ट्रीय खेलों में खेलने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर ईशा व उनके अभिभावकगणों का शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

## ठंड में जरुरतमंदों को ओढ़ाए कम्बल

**हिरदाराम नगर।** कर्मण्य वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष संतोष तोमर एवं बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने शिव मंदिर, रेलवे फाटक रोड झुग्गी झोपडी, संत हिरदाराम साहिब कुटिया प्रांगण एरिया में ठंड में कंपकंपाते हुए जरुतमंदों को कंबल ओडाए। इस अवसर पर संतोष तोमर, रमेश तोलानी, कमलेश देवानी, कमलेश नाथानी, राज बिजोरिया, खेमचंद उपस्थित थे।

## 9 जनवरी को होगा प्रधानमंत्री से चर्चा परीक्षा पे कार्यक्रम

**भोपाल।** परीक्षा पे चर्चा 2024 का शेड्यूल जारी हो चुका है। 29 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम, आईटीपीओ प्रगति मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुचर्चित कार्यक्रम का यह 7वां संस्करण है। मध्यप्रदेश से इस कार्यक्रम के लिए 102 विद्यार्थियों, 10 शिक्षकों और 10 अभिभावकों को अवसर मिलेगा। अभिभावकों, शिक्षकों और छठवीं कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए माईजीओवी पोर्टल पर ऑनलाइन एमसीक्यू प्रतियोगिता 12 जनवरी 2024 तक चलेगी। जिसके माध्यम से इस कार्यक्रम के लिए चयन किया जाएगा।

**मप्र के 102 विद्यार्थी होंगे शामिल, चयन प्रतियोगिता 12 जनवरी तक**

# अमेरिका के समाजसेवी चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में आए

## नारी पोहानी एवं विजय केवलरामानी ने कही मन की बात

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गांधीनगर में सीएचआई.यूएसए संस्थान के अतिथि दादा नारी पोहानी, उनकी पत्नी लक्ष्मी पोहानी, विजय केवलरामानी एवं उनकी पत्नी अनीता केवलरामानी का आगमन हुआ।

इस अवसर पर शहीद हेमू कालानी शैक्षणिक संस्थान के सदस्य हीरो ज्ञानचंदनी, एसी साधवानी, के एल रामनानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, केएल लुहाना, संस्था के डायरेक्टर एकेडमिक गोपाल गिरधानी, कोर्डिनेटर लता आसनानी समेत विद्यालय की छात्राओं ने विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। छात्राओं द्वारा अतिथियों के सम्मान में सुंदर स्वागत गीत, रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। विद्यालय की प्राचार्या प्रिया जैन शर्मा ने विद्यालयीन




गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने अतिथियों द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों व बालिकाओं की शिक्षा में उनके योगदान से सभी को परिचित कराया। इस अवसर पर 99वें अंतरराष्ट्रीय तानसेन समारोह में तबला वादन में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाली शाला की छात्रा अवनी साहू को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य गतिविधियों जैसे कबड्डी, नेत्रदान, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, ऑर्गन डोनेशन प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का अतिथियों द्वारा ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर उनका सम्मान किया गया। अतिथि दादा नारी पोहानी ने कहा कि संसार के किसी भी विद्यालय की गौरव, गरिमा एवं वातावरण विद्यार्थियों की उपस्थिति के बिना नगण्य है। कार्यक्रम में अतिथि अनीता केवलरामानी ने विद्यालय की छात्राओं को अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लंबी उड़ान भरने की प्रेरणा दी। विजय केवलरामनी एवं लक्ष्मी पोहनी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पर्यावरण की सुरक्षा के प्रतीक स्वरूप पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को सम्मान स्वरूप श्रीफल व सरोपा प्रदान किया गया।

**मेट्रो एंकर**

## श्री कन्छेदीलाल केवट की स्मृति में विधायक बोट रेस

# सीनियर बोट रेस के विजेता को मिली बाइक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में विधायक बोट रेस रोहन रामू केवट द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा रहे। शर्मा ने कहा कि श्री कन्छेदीलाल केवट की स्मृति में संतनगर के बेहटा गांव में हर साल बोट रेस का आयोजन किया जाता है। यह एक अदभुत संयोग बना है, अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी का दिव्य मंदिर बनने जा रहा है और प्रभु श्रीराम जी को वनवास के दौरान पार लगाने वाले केवट समाज के साथ हम यह उत्सव मना रहे हैं। वोट रेस में 36 टीमों में भाग लिया।

सीनियर बोट रेस में प्रथम पुरस्कार राज रैकवार, रोहित रैकवार ने जीता जिन्हें स्पेन्डर बाइक दी गई।



द्वितीय पुरस्कार सुधीर रैकवार, विशाल रैकवार ने जीता, जिन्हें नगद राशि के रूप में 21,000 रूपये दिए गए। तृतीय पुरस्कार अर्जुन चौहान, हन्नी रैकवार को नगद राशि के रूप में 11,000 रूपये दिए गए। कश्ती बोट रेस में प्रथम पुरस्कार रोहन कीर, भूरा कीर को 21000 रूपये नगद इनाम दिया गया । द्वितीय पुरस्कार कृष्णा मांझी, अजय मांझी को 11000 रूपये नगद दिए गए। तृतीय पुरूस्कार अमर कीर, रोहन रैकवार को 5100 रूपये नगद पुरस्कार दिया गया। जूनियर वोट रेस में प्रथम पुरस्कार यश चौहान, पवन मांझी को 11000, द्वितीय पुरस्कार आकाश मांझी, सुभाष मांझी को 5100 दिए गए। तृतीय पुरस्कार राज मांझी, सुमित मांझी को 2100 पुरस्कार के रूप में नगद दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, चन्दू ईसरानी, मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी, सभी नेतागण एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

चिकित्सा सेवाओं का विस्तार
स्वस्थ मध्यप्रदेश का आधार



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
एवं
डॉ. मनसुख मांडविया
केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा
रसायन व उर्वरक मंत्री, भारत सरकार
की अध्यक्षता में

₹218 करोड़ लागत की
187 स्वास्थ्य संस्थाओं
का
भूमिपूजन एवं लोकार्पण

महाकाल मंदिर एवं उज्जैन के अन्य मंदिरों में
विकास कार्यों का शिलान्यास

उज्जैन फूड स्ट्रीट (प्रसादम्) का उद्घाटन

7 जनवरी, 2024 । प्रात: 10:30 बजे । श्री महाकाल महालोक परिसर, उज्जैन




सबकी पहुंच में चिकित्सा सुविधाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला चिकित्सालय | 51 | ऑक्सीजन बेड | 15500 |
| सिविल अस्पताल | 144 | एच.डी.यू. बेड | 563 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र | 353 | आई.सी.यू. बेड | 1695 |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र | 1450 | पी.आई.सी.यू. बेड | 626 |
| उप स्वास्थ्य केन्द्र | 10258 | एस.एन.सी.यू. बेड | 1639 |
| स्वास्थ्य संस्थाओं में सामान्य बिस्तर | 45011 | एन.बी.एस.यू. बेड | 780 |

"प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की प्रक्रिया लगातार जारी है। मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश से हम मध्यप्रदेश को निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में आगे कदम बढ़ा चुके हैं।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D11165/23

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी | मध्यप्रदेश शासन | आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

दोपहर मेट्रो
# प्रवाह
रविवारीय


## 1967 से 2014 तक हुई 5 राजनीतिक उठापटक में छिपा है
# INDIA एलायंस के लिए संदेश

■ शेखर गुप्ता

> विपक्ष तब तक विफल होता रहेगा जब तक वह इस सवाल का जवाब नहीं ढूंढ लेता कि मोदी सरकार के खिलाफ उसकी कोई भी मुहिम राजनीतिक विमर्श पर हावी क्यों नहीं हो पाती।

आइए, सबसे पहले उन लोगों की गिनती करें जिन पर विपक्ष, खासकर कांग्रेस अडाणी मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपनी विफलता के लिए आम तौर पर संदेह कर रही होगी। लेकिन स्थिति यह है कि विपक्ष तब तक विफल होता रहेगा जब तक वह इस सबसे महत्वपूर्ण सवाल का जवाब नहीं ढूंढ लेता कि मोदी सरकार के खिलाफ उसकी कोई भी मुहिम राजनीतिक विमर्श पर हावी क्यों नहीं हो पाती? उसकी पहली उंगली उठेगी नरेंद्र मोदी और उस चीज की ओर, जिसे विपक्ष न्यायपालिका पर 'संस्थागत कब्जा' कहता है।



दूसरी उंगली खुद न्यायपालिका की ओर उठेगी. कहा जाएगा कि वह मोदी सरकार के खिलाफ तभी खड़ी होती है जब उसका अपना हित दांव पर लगा होता है, मसलन राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) एक्ट को रद्द करना।

और तीसरी उंगली समाचार मीडिया की ओर उठेगी। काश मीडिया ने अडाणी मामले को उस तरह के घोटाले की तरह उछाला होता जिस तरह उसने 2011-14 के दौरान 2जी आदि को या उससे पहले 1987-89 में बोफोर्स मामले को उछाला था।इस सबके बाद हम मसले की जड़ तक पहुंचते हैं. नोटबंदी से लेकर रफाल और कृषि क़ानूनों से लेकर लद्दाख में चीनी चुनौती तक, या सामाजिक न्याय से लेकर अब अडाणी मसले तक को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ तमाम आरोपों का असर लोगों पर क्यों नहीं पड़ता?यह स्तंभकार पहले लिख चुका है कि नरेंद्र मोदी एक ऐसे अनूठे नेता हैं जिनका कद सरकार विरोधी भावनाओं के कारण छोटा नहीं होता बल्कि वह जितने लंबे समय तक सत्ता में रहते हैं उनका कद और ऊंचा होता जाता है. इस कॉलम में हमने उनके लिए जिस विशेषण, 'टेफ़्लॉन कोटेड' का प्रयोग किया था वह भी अपर्याप्त होगा, क्योंकि टेफ़्लॉन भी समय के साथ कमज़ोर हो जाता है। इसलिए उन्हें टाइटेनियम धातु से बना नेता कहा जा सकता है।

याद रहे कि यह कॉलम 19 मई 2018 को प्रकाशित हुआ था। उसके बाद पूरे छह साल बीत जाएंगे जब अगला आम चुनाव इस साल मई में संपन्न होगा. क्या यह टाइटेनियम थोड़ा भी कमजोर पड़ा है? क्या मोदी ने इस बीच कोई गलती नहीं की है? गलती किसी से भी हो सकती है, नीतियों के मामले में झटका लग सकता है। और भारत का जो माहौल है उसमें घोटालों के गंभीर आरोपों के जवाब देने पड़ सकते हैं। विपक्ष ने कई घोटालों की पहचान की है, मसलन– नोटबंदी, दोषपूर्ण जीएसटी, कृषि कानून (जिनका हमने संपादकीय तौर पर समर्थन किया था), और कोविड की दूसरी लहर के दौरान आया संकट। विपक्ष ने रफाल विमानों की खरीद और अडाणी के मामलों को लेकर बड़े घोटालों का माहौल बनाने की कोशिश भी की। लेकिन कुछ भी कारगर नहीं हुआ। भारत में राजनीतिक बदलाव लाने के लिए सबसे पहला और सबसे जरूरी काम यह है कि आप इसमें कारगर हों। ऐसे पर्याप्त उदाहरण हैं कि हमारी राजनीति में तेजतर्रार विपक्षी नेता सिर्फ किसी एक आइडिया को आधार बनाकर जनभावनाओं को बदलने और नाटकीय राजनीतिक बदलाव लाने में सफल रहे। यह जरूरी नहीं है कि वह आइडिया पूरी तरह से वास्तविकता पर आधारित हो।

बोफोर्स ऐसी तोप नहीं थी जो आगे नहीं बल्कि पीछे की ओर मार करती हो, और इनकी खरीद में रिश्वत की कोई रकम 37 साल बाद भी बरामद नहीं हो पाई है। टेलिकॉम का 2जी घोटाला निश्चित ही 1.76 ट्रिलियन रुपये का नहीं था, न ही कोयला घोटाला 1.86 ट्रिलियन का था, न ही राष्ट्रमंडल खेलों से जुड़ा घोटाला 70,000 करोड़ का था। न ही चोरी के खरबों डॉलर स्विस बैंकों में पाए गए। हर मामले में महत्वपूर्ण बात यह रही कि चुनौती देने वाला न केवल उसे भावनात्मक मुद्दा बनाने में सफल रहा बल्कि एक ऐसी मुहिम खड़ा करने में भी कामयाब रहा जिसने वोटरों को कायल कर दिया कि वे मुद्दे उनके लिए महत्वपूर्ण थे। उन्हें वोटरों ने इतना महत्वपूर्ण माना कि उन्होंने सरकार बदलने के बारे में सोच लिया। यह सिलसिला 1967 में शुरू हुआ जब वास्तविक अर्थों में पहला प्रतियोगी आम चुनाव हुआ। हम घटनाओं के क्रम को थोड़ा उलट-पुलट करेंगे, और शुरुआत 1987-89 से करेंगे, बोफोर्स वाले दौर से. तमाम घोटालों के आकार को देखें तो बोफोर्स घोटाला (64 करोड़ रुपये का) 1987 वाले दौर के लिहाज से भी कोई बहुत बड़ा घोटाला नहीं था।इसके बावजूद वी.पी. सिंह इसके बूते इतना बड़ा मुहिम खड़ा करने में सफल रहे कि लोग राजीव गांधी को चोर मानने लगे और चुनाव में उन्हें गद्दी से उतार दिया. वी.पी.सिंह को प्रधानमंत्री की गद्दी मिली लेकिन थोड़े समय के लिए ही। वीपी सिंह ने हिंदी 'हार्टलैंड' में अपनी पार्टी और उसके सहयोगियों को लगभग उसी तरह बड़ी जीत दिलाई, जिस तरह मोदी ने 2014 और 2019 में जीत हासिल की। वीपी.सिंह के जमाने में न टीवी समाचार चैनल थे और न सोशल मीडिया था, तो आखिर वे अपना संदेश वोटरों तक कैसे पहुंचा पाए, और उनका संदेश क्या था? 1988 की गर्मियों में हुए उप-चुनाव में वे जब इलाहाबाद के गांवों में मोटरसाइकिल पर चुनाव प्रचार करते घूम रहे थे तब उन पर करीब से नजर रखने वाले पत्रकारों में मैं भी शामिल था।उनकी पार्टी के कार्यकर्ता गांवों में लोगों को किसी पेड़ के नीचे इकट्ठा करते। लोगों की संख्या प्रायः कम ही होती थी। वी.पी.सिंह अपना भाषण प्रायः इस तरह शुरू करते कि मैं आपको यह बताने के लिए आया हूं कि आपके घरों में किस तरह सेंध लगाई गई है। इसके बाद वे अपनी जेब से माचिस की डिब्बी निकालते और लोगों से कहते कि आप लोग चाहे कितने भी गरीब हों, आप दियासलाई तो खरीदते ही हैं। इसकी जो कीमत आप देते हैं उसमें से कुछ पैसा टैक्स के रूप में सरकार को जाता है। वह आपका पैसा है. इस पैसे से सरकार आपकी सेना के लिए तोप खरीदती है. अगर इसमें से कुछ पैसा उन्होंने चुराया है तब क्या उन्होंने आपके घर में सेंध नहीं लगाई? यह, और राजीव गांधी की कांग्रेस का 414 सीटों से 197 सीटों पर सिमट जाना मेरी नजर में भारतीय राजनीति में आया सबसे नाटकीय और अप्रत्याशित बदलाव था।

घटनाक्रम में उलटफेर करते हुए हम आगे-पीछे जा सकते हैं। 1971 में पूरे विपक्ष और कांग्रेस (ओ) (कांग्रेस विभाजन के बाद उसके एक गुट) की एकजुट चुनौती को तोड़ने के लिए इंदिरा गांधी ने किस मुद्दे को उछाला था? उन्होंने कहा था- वे कहते हैं, इंदिरा हटाओ; इंदिरा कहती है, गरीबी हटाओ। अब फैसला आपको करना है। उस समय कोई भी यकीन नहीं करता कि भारत से गरीबी हटाना आसान है। लेकिन 1971 में इंदिरा गांधी को 518 में से 352 सीटें मिलीं और उन्होंने लगभग जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर ली जिन्हें 1962 में अपने आखिरी चुनाव में लगभग इतनी ही सीटें मिली थीं। इंदिरा गांधी को इमरजेंसी के कारण हार का सामना करना पड़ा, लेकिन देखिए कि उन्होंने अपनी वापसी किस तरह की। जनता पार्टी की सरकार बिखर चुकी थी, और उन्होंने एक नए जुमले का आविष्कार करते हुए उसे 'खिचड़ी सरकार' नाम दे दिया। आप वही खिचड़ी सरकार चाहते हैं या मेरी मजबूत सरकार की वापसी चाहते हैं? और वे फिर से सत्ता में आ गईं, 529 में से उतनी ही 353 सीटों के साथ। 2004 में भी, जब वाजपेयी सरकार दोबारा जनादेश हासिल करने में नाटकीय और अप्रत्याशित रूप से विफल रही, तब कांग्रेस राजनीतिक कल्पनाशीलता ही नहीं बल्कि भावनात्मक अपील के लिहाज से भी जोरदार आइडिया लेकर आई थी। भाजपा का अभियान 'इंडिया शाइनिंग' (भारत उदय) के नारे पर केन्द्रित था. कांग्रेस का जवाब था- 'इंडिया शाइनिंग' तो ठीक है मगर इसमें आपको क्या मिला? यह जवाब कारगर रहा। मेरी नजर में यह 1989 में वी.पी. सिंह प्रकरण के बाद दूसरा सबसे नाटकीय राजनीतिक बदलाव था।

अब मैं आपको फिर से 1967 में ले जा रहा हूं, जब वास्तव में पहला प्रतियोगी चुनाव लड़ा गया था। तब कांग्रेस का आंकड़ा पहली बार 300 सीटों से नीचे चला गया था। भारत कई संकटों से जूझ रहा था और अपनी पार्टी पर इंदिरा गांधी की पकड़ कमजोर थी, लेकिन विपक्ष के पास भी देने को कोई विकल्प नहीं था। उस समय का एक नारा मुझे याद आता है- 'इंदिरा तेरे शासन में, कूड़ा बिक गया राशन में'। आप इसकी यह भी व्याख्या कर सकते हैं कि इंदिरा के राज में राशन कार्ड पर जो बिक रहा है वह सब कूड़ा है। जो भी हो, देश का मूड ऐसा बना कि इंदिरा गांधी को बहुमत से महज 21 सीटें ज्यादा (लोकसभा की 523 में से 282 सीटें) मिलीं। कई प्रमुख राज्यों में उनकी पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा और वहां ढीले-ढाले गठबंधनों ने सत्ता संभाली।

और अंत में पांचवीं घटना, 2014 में मोदी का उत्कर्ष। भाजपा-आरएसएस मशीन ने भ्रष्टाचार विरोधी जोरदार मुहिम तो खड़ी कर दी थी और मनमोहन सिंह की छवि एक कमजोर प्रधानमंत्री वाली बना डाली थी, लेकिन मोदी अपना नारा लेकर आए, 'अच्छे दिन' लाने का नारा। इस सबका कुल असर यह हुआ कि 2009 में 206 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 2014 में मात्र 44 सीटों पर सिमट गई। यानी निष्कर्ष यह है कि चुनौती देने वाले घोर निराशाजनक स्थिति से भी उबरकर ताकतवर सत्ताधारी को हराने में सफल रहे हैं. लेकिन इसके लिए उन्हें एक बड़े 'आइडिया', विश्वसनीयता, और मतदाताओं के दिलों में उतर जाने वाले नारे की जरूरत होती है। यह सब जुटा लेने के बाद भी आपको जमीन पर कम-से-कम दो साल कड़ी मेहनत करने की जरूरत होती है। सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि आपको अपना राजनीतिक संदेश तय करना और उसे खुद लोगों के बीच मान्य करवाना पड़ता है। यह काम आप अदालतों, मीडिया, एनजीओ और सिविल सोसाइटी (मसलन नागरिकता कानून विरोधी आंदोलनों) के भरोसे नहीं छोड़ सकते कि वे विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। मोदी को चुनौती देने वाले दरअसल यही करते रहे हैं, जिसका नतीजा हम देख चुके हैं।

**–साभार :** द प्रिंट, यह लेखक केविचार हैं।

### तिरछी नज़र
## जूता चुरायी की रस्म तो सालियां करती है पर मंदिरों में पता नहीं कौन...!



■ शमीम शर्मा

रिवाज भी कमाल की चीज़ हैं। ज्यों के त्यों रहते हैं जैसे गरीब की झोपड़ी का डिजाइन नहीं बदलता, रिवाज भी वैसे के वैसे रहते हैं। जैसे दीन-हीन के आंसू हुकूमत पर दबाव डालकर एक छोटे-मोटे मकान की मंशा पूरी करने में जुट जाते हैं वैसे ही शादी में जूतों के बदले सालियां नेग-राशि हथियाने की तरकीब में जुट जाती हैं। पर वे भूल जाती हैं कि समय बदल गया है और रिवाजों में भी थोड़ी बदलाहट कर दी जाये तो मालामाल हो सकती हैं। यदि वे जूतों की जगह मोबाइल छिपाई मांगेगी तो पांच सौ के नोट की बजाय दूल्हा बीस-पचास हजार की गड्डी भी देने को राजी हो जायेगा। इसीलिये कहा जाता है कि लकीर के फकीर न बनो।

वैसे पुराने रीति-रिवाज हैं बड़े कमाल के। विदाई से पहले जब माहौल गमगीन-सा होने लगता है तो उस वेला में थोड़ा रस घोलने के लिये फेरों के समय मंडप में बैठते ही सालियां इस फिराक में होती हैं कि कैसे दूल्हे के जूते चुराये जायें। इस रस्म से दूल्हे मियां के संयम की परीक्षा भी हो जाती है और थोड़ा-बहुत हैसियत का भी अंदाज़ा हो जाता है क्योंकि आज के दिन बाजार में जूते पांच सौ से लेकर पचास हज़ार तक के हैं। इसके अलावा लड़के की बुद्धि का भी पता चलता है कि उसे 'डील' करना कितना आता है। महंगे में छूटता है या सस्ते में और वातावरण भी हंसी-ठट्ठों से सराबोर हो जाता है।

शादी बिजली की दो तारों का गठबंधन है। ठीक जुड़ गई तो रोशनी ही रोशनी और तार गलत जुड़ गये तो धमाके ही धमाके। कई बार ऐसे ही धमाके जूता छिपाई के वक्त भी हो जाते हैं। खासतौर पर जब कई सालियां और भाभियां मिलकर जूते के बदले में इतनी बड़ी-बड़ी मांगें रखती हैं कि पता ही नहीं चलता कि जूता छिपाई मांग रही हैं या दूल्हे का किडनैप कर फिरौती मांग रही हैं।शादियों में तो जूता चुराई की रस्म सालियां करती हैं पर मंदिरों में पता नहीं कौन साला यह काम कर जाता है। किसी बुद्धिमान की नेक नसीहत है कि मंदिर की सीढ़ियों पर दोनों चप्पल या जूतों को अलग-अलग कोनों में रखने से चोरी होने का खतरा टल सकता है।

**–साभार :**यह लेखक के अपने विचार हैं।

# क्रिकेट : एक टीम की ऐतिहासिक जीत या खेल से खिलवाड़

■ राज कुमार सिंह

केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर मेजबान दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनकर भारत ने इतिहास रच दिया। इस पर जश्न स्वाभाविक है, पर क्या पांच दिवसीय टेस्ट मैच डेढ़ दिन में खत्म हो जाने के खतरे भी हम समझ रहे हैं? हर दिन 90 ओवर फेंकने के नियम वाली टेस्ट क्रिकेट के मुकाबले अगर डेढ़ दिन में मात्र 107 ओवरों में समाप्त हों, तब वास्तव में कोई टीम जीतती है या क्रिकेट का खेल ही हार रहा होता है?




जीत के माहौल में यह सवाल नापसंद हो सकता है, पर असली कद्रदानों को खेल के भविष्य की चिंता भी करनी पड़ेगी, वर्ना उसे तमाशा बनानेवाली ताकतें तो सक्रिय हैं ही। पहले 60-60 ओवरों वाले वनडे मैचों का प्रयोग इसलिए हुआ कि खासकर पांच दिन में भी परिणाम न देनेवाले ड्रॉ टेस्ट मैच दर्शकों के बीच आकर्षण खो रहे थे। बाद में मुकाबले को और छोटा एवं रोमांचक बनाने के लिए वनडे मैच 50-50 ओवरों के कर दिए गए। और अब 21 सदी में तो 20-20 ओवरों वाले ट्वंटी-20 का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है, जिसे ज्यादातर दर्शक खेल के बजाय शाम के मनोरंजन की तरह देखते हैं। आश्चर्य नहीं कि कुछ ही साल में हमें 10-10 ओवरों वाले मैचों की क्रिकेट प्रतियोगिताएं भी नजर आएं। बेशक इन प्रायोगिक लघु संस्करणों से क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ी है। आईपीएल सरीखे आयोजनों से नए खिलाड़ियों के लिए शोहरत और दौलत कमाने के अवसर भी बढ़ गए हैं। इनसे युवा खिलाड़ियों पर भी पैसा तो बरस ही रहा है, प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम में प्रवेश के द्वार भी खुल रहे हैं। क्रिकेट की लोकप्रियता और क्रिकेटरों की आय बढ़ने पर किसी को भी क्यों आपत्ति होगी? पर उसके दुष्परिणाम से आंखें मूंद लेने का परिणाम खेल से ही खिलवाड़ के रूप में सामने आने लगा है। पहले बनने वाली पिचें बल्लेबाज और गेंदबाज, दोनों को अपना कौशल दिखाने के समान अवसर प्रदान करती थीं। पहले एक-दो दिन पिच तेज गेंदबाजों को मदद करती थी, तो चौथे दिन से स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलने लगती थी। अगर बल्लेबाज तकनीकी रूप से मजबूत हो, तब बल्लेबाजी का पराक्रम तो पांचों दिन देखने को मिलता था। कई बार चौके या छक्के से ज्यादा तालियां किसी गेंदबाज को मेडन ओवर के लिए मिलती थीं, तो बल्लेबाज को किसी बेहद मुश्किल गेंद को रक्षात्मक तरीके से खेलने के लिए भी। तब विकेट के नजदीक फील्डिंग भी एक कठिन परीक्षा होती थी। क्रिकेट के रोमांचक संस्करणों की प्राथमिकता हावी होने से ज्यादातर वर्तमान बल्लेबाज भी तकनीकी रूप से उतने मजबूत नहीं हैं कि किसी बहुत खराब पिच या बहुत अच्छे गेंदबाज के बावजूद अपना पराक्रम दिखा सकें। क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था आईसीसी को क्रिकेट के भविष्य से जुड़े इन चिंताजनक संकेतों पर चिंतन अवश्य करना चाहिए।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

### खेल का मूल चरित्र ही दांव पर

**बेशक** कई बार बहुत अच्छी गेंदबाजी या पिच के अप्रत्याशित व्यवहार से तब भी कुछ मैच पांच दिनों से पहले समाप्त हो जाते थे या फिर निर्जीव पिचों की बदौलत पांच दिन में भी निर्णय नहीं निकल पाता था, पर वे उदाहरण अपवाद से ज्यादा नहीं रहे होंगे। पिछले कुछ दशकों में दर्शकों के बीच लोकप्रियता बढ़ाने के नाम पर जो प्रयोग किए गए हैं, उनका सबसे नकारात्मक, और इसीलिए चिंताजनक पहलू यह है कि उससे क्रिकेट के खेल का मूल चरित्र ही दांव पर लग गया है। पिछली सदी तक हवा में शॉट खेलने या फिर क्रॉस बैट से खेलने पर कोच ही खिलाड़ी को बाहर का रास्ता दिखा देता था, पर अब नए क्रिकेट में वैसा करने पर तालियां भी मिलती हैं और इनाम भी बरसते हैं। बेशक केपटाउन की जीत में सिराज और बुमराह की गेंदबाजी को कम नहीं आंका जा सकता, पर पहला टेस्ट एक पारी और 32 रन से हारनेवाली टीम दूसरा टेस्ट मात्र डेढ़ दिन में सात विकेट से जीत जाए, तो पिच पर सवाल उठेंगे ही। दक्षिण अफ्रीकी कोच कोनराड से लेकर पूर्व गेंदबाज डेल स्टेन और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तक तमाम जानकारों ने अलग-अलग तरह से जो भी टिप्पणियां की हैं, दरअसल वे पिचों की गुणवत्ता पर ही सवालिया निशान लगाती हैं।



# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जिला चिकित्सालय की टीम का सम्मान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला चिकित्सालय में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं क तारतम्य में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय की टीम को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय की इटारसी निवासी ममता शैलेंद्र साहू का बच्चेदानी एवं हारनिया का ऑपरेशन होना था। उन दोनों ऑपरेशनों को एक साथ करने के लिए प्राइवेट अस्पताल सहमत नहीं थे, परंतु जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मरीज के दोनों ऑपरेशन एक साथ सफलतापूर्वक करके एक नया आयाम जिला अस्पताल में स्थापित किया जो की जिला चिकित्सालय और शासकीय सेवाओं की बेहतरीन व्यवस्था को दर्शाता है उक्त कार्य हेतु रेड क्रॉस समिति जिला प्रबंधकारिणी समिति नर्मदापुरम एवं राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन नर्मदापुरम के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर समस्त डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की टीम जिसमें सीएमएचओ डॉक्टर दिनेश दहलवार, सिविल सर्जन डॉक्टर सुधीर विजयवर्गीय, डॉक्टर राजेश माहेश्वरी, डॉ सुनीता कमले, डॉ रविंद्र गंगराडे, डॉक्टर सौम्य रघुवंशी , मेटरन किरण सिंह, नर्सिंग ऑफिसर वृंदा रघुवंशी ओटी इंचार्ज, नर्सिंग ऑफिसर सपना वर्मा पोस्ट आपरेटिव वार्ड इंचार्ज सहित समस्त स्टाफ का सम्मान एवं धन्यवाद किया गया।

इस कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस प्रबंधकारिणी समिति नर्मदापुरम के अध्यक्ष चंद्र गोपाल मालिया , कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, सह सचिव गौरव सेठ, सदस्य उदित द्विवेदी, किसान केशव साहू,डॉ बसंत जोशी, नर्मदा प्रसाद साहू बायां, कोमल साहू ,नर्मदा प्रसाद साहू होशंगाबाद, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साहू , जिला महामंत्री आईटीएसएम देवेंद्र राठौर, कार्यालय प्रभारी शेर सिंह बड़कुर सहित अन्य सामाजिक बंधु एवं समाजसेवी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में यह संदेश दिया गया कि शासकीय अस्पताल में शासकीय सुविधा उत्तम प्रकार की उपलब्ध है समाज के हर वर्ग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।

इसी श्रंखला में क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन द्वारा भी डॉक्टर और स्वास्थ्य विभाग के लोगों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन शीघ्र ही किया जाना प्रस्तावित है जिस से गांव-गांव तक किसान मजदूर भाइयों के बीच सरकारी अस्पताल सहित शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं में विश्वास बढ़ेगा एवं जो स्वास्थ्य अमला दिन-रात पूर्ण समर्पण भाव से स्वास्थ्य सेवाओं को प्रत्येक जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है उनका हौसला बढ़ेगा।

### स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण करने में गति लाएं: कलेक्टर

# जनप्रतिनिधियों से प्राप्त मुद्दों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं



**नर्मदापरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने में गति लाएं। भूमिपूजन हो चुके कार्यों को भी शीघ्र निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किए जाए। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त निर्माण कार्यों के मुद्दो का भी प्राथमिकता से निराकरण कराएं। यह निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर सुश्री मीना ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिले में प्रगतिरत और स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही विगत दिवस आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा बताए गए निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए निर्माण कार्यों के संबंध में निरंतर मॉनिटरिंग करें। किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्यालय से संपर्क कर उनका समाधान कराएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत सहित एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे और निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

उन्होंने नगरपालिका नर्मदापुरम अंतर्गत सिवरेज लाइन ,ऑडोटोरियम निर्माण, ट्रेंचिग ग्राउंड, नर्मदा लोक एवं पार्क निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि सिवरेज लाइन निर्माण में संबंधित विभाग एमपीयूडीसीएल के सतत संपर्क में रहकर कार्यों की मॉनिटरिंग करें। कॉन्ट्रैक्टर द्वारा लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्यवाही भी करें। उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या का भी समाधान करने के निर्देश दिए। नर्मदा लोक के निर्माण के संबंध में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम से समन्वय करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नर्मदापुरम नगर अंतर्गत पार्कों का भी निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिले में स्वीकृत सीएम राइस स्कूल के निर्माण की प्रगति की भी कलेक्टर ने समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालन यंत्री ई पीआईयू को निर्देशित किया कि सीएमराइज स्कूल के कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूर्ण कराएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सड़कों और पुलों के अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने नर्मदा पिपरिया एवं नर्मदा पिपरिया फोरलेन निर्माण, दूधी परियोजना, देवरी माइक्रो सिंचाई परियोजना, डोकरीखेड़ा सिंचाई योजना ,चांदकीय लघु जलाशय निर्माण, मोरंड गंजाल संयुक्त परियोजना की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने भूमिपूजन हो चुकी उक्त परियोजनाओं में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तेजी से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## सामाजिक समरसता मंच के सदस्यों ने नवागत कलेक्टर मीना का किया स्वागत



**नर्मदापुरम।** सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा जिला कलेक्टर सोनिया मीना का स्वागत किया गया. संरक्षक के एस राजपूत द्वारा संस्था के सदस्यों का परिचय दिया गया जिसमें संस्था के वरिष्ठ सदस्य के एन त्रिपाठी का भारतवर्ष की तरफ से मलेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक अर्जित करने की भी प्रस्तुति की गई। जिला अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने संस्था द्वारा संचालित की गई गतिविधियों के विषय में जिला कलेक्टर को अवगत कराया गया जिला कलेक्टर द्वारा संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी सदस्यों को बधाई दी इस अवसर मोहम्मद अकरम खान डॉक्टर सुरेंद्र जीत सिंह भागचंद बर्गले ओम प्रकाश मालवीय दशरथ तिवारी हेमंत शर्मा केके शर्मा रमेश सोनी आशीष तिवारी सत्तार खान आरके सैनी रमेश गोप्लानी अरुण दुबे प्रदीप द्विवेदी किरण शर्मा जय बाला निगम के साथी संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

## 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा के पूर्व विद्यार्थियों के अभ्यास प्रश्न पत्रों को हल करने की तैयारी

### शिक्षा विभाग की विकासखंड स्तरीय प्राचार्यों की बैठक



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

विकासखंड सिवनी मालवा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी / प्रभारी सहायक संचालक श्याम सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में समस्त संकुल प्राचार्य, हायर सेकेंडरी , एवं हाई स्कूल प्राचार्यो की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा के पूर्व विद्यार्थियों के अभ्यास प्रश्न पत्रों को हल करने एवं शैक्षणिक व्यवस्था को दुरुस्त करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए साथ ही कक्षा में प्राचार्य को मॉनिटरिंग करते हुए शिक्षण व्यवस्था बनाने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यालय कार्य पदक्रम सूची से संबंधित आवश्यक संशोधन एवं कर्मचारियों से प्रमाण पत्र प्रेषित करने की जानकारी दी गई, साथ ही सभी शासकीय कर्मचारियों की सेवा अभिलेखों का उचित संधारण संबंधी चर्चा की गई बोर्ड परीक्षा को कम समय होने के कारण विद्यार्थियों को अतिरिक्त कक्षा लगा कर तथा आवश्यक प्रश्न पत्र निर्माण कर प्रश्न पत्र हल करने के तथा विकासखंड के समस्त कर्मचारियों का आयकर कटौत्रा जनवरी माह में ही कार्यालय में जमा करने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाटिल, एस के धनवारे ,अशोक कुमार साहू राममोहन रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, सुरेंद्र कुमार परपची, संगीता यादव मनित कुमार दुबे, किरण नामदेव, राकेश साहू, वंदना मिश्रा, ज्योति कावडे, श्रीमती रेखा कुल्हारे, प्रणय अवस्थी विकासखंड कार्यालय से विमल दीप कटारे, विष्णु प्रसाद लौवंशी तथा शंकर सिंह राजपूत उपस्थित थे

## बाँकाबेड़ी को हराकर बिसोनी खुर्द क्रिकेट टीम पहुंची सेमीफाइनल में



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम बिसोनी कला में आदर्श क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को सेमीफ़ाइनल के लिए मैच खेले गये जिसमे पहला मैच कलवाना ओर बिसोनी खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें बिसोनी खुर्द ने जीत हासिल की दूसरा मैच बाँकाबेड़ी और सिवनी रॉयल बिस्ट के बीच बाँकाबेड़ी ने जीत हासिल की जिसके बाद बिसोनी खुर्द और बाँकाबेड़ी के बीच सेमीफ़ायनल के लिये मुक़ाबला हुआ।

जहां पहले बल्लेबाज़ी करते हुए बाँकाबेड़ी ने 8 ओवर में 45 रन बनाये जिसके बाद बिसोनी खुर्द ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 वे ओवर में जीत दर्ज की जहां एक समय तक बाँका बेड़ी ने सधी हुई गेंदबाज़ी करके बिसोनी खुर्द को मुश्किल में डाल दिया लेकिन लक्ष्य कम होने के कारण बिसोनी खुर्द ने जीत हासिल की जिसके बाद प्रतियोगिता के सेमी फाइनल के लिए पहली टीम बिसोनी खुर्द ने प्रवेश किया रविवार के मुक़ाबले में दूसरी टीम सोमवार के मुक़ाबले में तीसरी टीम मंगलवार के मुक़ाबले में चौथी टीम प्रवेश करेगी ज्ञात हो यह प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्र की टीमो को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई हैं जिसमें अभी तक 40 से अधिक ग्रामीण टीमो ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता का फ़ाइनल मुक़ाबला 11 जनवरी को खेला जाएगा इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31001 विश्वेन्द्र सिंह मंडलोई। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो द्वारा एवं द्वितीय 15001 पाल बेल्डिंग वर्क्स कमल पाल बानापुरा द्वारा दिया जाएगा साथ ही प्रत्येक मैच में मेन ऑफ़ द मैच श्री राम जानकी वेयर हाउस सुमित उनाडिया एवं मेन ऑफ़ द सीरिज़ रिज़नेवल इलेक्ट्रिक एवं मशीनरी सिमा आनंद धनगर सूरज धनगर द्वारा दिया जाएगा।

## नर्मदा कॉलेज के हैंडबाल खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर चयन



**नर्मदापुरम।** नर्मदा महाविद्यालय के 3 हैंडबॉल खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतिगिताओं के लिए चयन हुआ है । विश्वविद्यालय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता सागर मध्यप्रदेश में 10 जनवरी को आयोजित है इस प्रतियोगिता में नर्मदा महाविद्यालय के सत्यम शर्मा और रूपेश पाल का चयन हुआ है। एक अन्य राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता जो की करौली राजस्थान में 9 से 13 जनवरी को आयोजित की जानी है उसमें नर्मदा महाविद्यालय के देवेंद्र नर्रे का चयन हुआ है। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और विजयी होने की शुभकामनाएं दी और उनका उत्साह वर्धन भी किया। साथ ही साथ खेल एवं क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ महेश मानकर, कोच स्नेहा दुबे एवं प्राध्यापकों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी । गौरतलब है कि ये सभी खिलाड़ी 8 एवं 9 जनवरी को राजस्थान एवं सागर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### प्रारूप मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन

# 13 और 20 जनवरी को लगेंगे विशेष कैंप, 8 फरवरी को किया जाएगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**नर्मदापरम, दोपहर मेट्रो**

लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। जिसके संबंध में शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री मीना की उपस्थिति में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी का वितरण भी किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, इलेक्शन सुपरवाइजर कैलाश दुबे, मनोहर बडानी, राजेंद्र मालवीय, कासिम अली, अनोखेलाल राजोरिया, बीनू बुधोलिया फैजान उल हक एवं रामगोविंद उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री मीना ने राजनैतिक दलों को जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं जिसमें वह अपने क्षेत्र के बीएलओ और बीएलए के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त परीक्षण की गतिविधियां संचालित करेंगे। जिसमें मतदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपित करने विशेषकर 18 से 20 वर्ष के नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने की



कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। फोटो निर्वाचक नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरू हो गई है। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया हैं। इसके बाद 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 और 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत जिन युवाओं की उम्र 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की पूर्ण हो रही है, वे युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जो युवा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे भी मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन voter helpline app और voters.eci.gov.in इन के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।

6 जनवरी को जिले में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसके अनुसार जिले में कुल 938484 मतदाता हैं। जिनमें 485583 पुरुष , 452905 महिला एवं 36 अन्य शामिल हैं। 18 से 19 वर्ष के नव मतदाताओं की संख्या 28132 है जिनमें 15357 महिला एवं 12775 पुरुष शामिल है। 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 12161 है जिनमें 4997 पुरुष एवं 7164 महिला शामिल है। जिले के जेंडर रेशा 932.78 एवं ईपी रेशा 65.96 हैं।





# कड़ाके की सर्दी का प्रकोप आग बनी सहारा, नगर पालिका ने शहर में 350 अलाव जला रही है

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पिछले एक सप्ताह से सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो रहे हैं । सर्दी का दौर जारी है इस वजह से घरों से निकलने में लोगों की हालत खराब हो रही है ठंड से बचने के लिए लोग नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में जगह जगह आग जलाकर हाथ सेकत हुए दिखाई दे रहे हैं। सूर्य देवता के दर्शन नहीं होने से दिन में ही कप कप देने वाली सर्दी का सितम जारी रहने की वजह से ठंड से बचने के लिए आग ही एकमात्र उपाय है । जिसके आगे बैठकर लोग ठंड से बचने का प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर सूर्य देवता के दर्शन नहीं होने से फसलों में भी नुकसान होने का डर किसानों को सता रहा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने रात में किया अलवाओं का निरीक्षण।

# दिव्यांग बच्चों का उपकरण वितरण कार्यक्रम




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विगत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र सिरोंज में दिव्यांग बच्चों को एलेमको संस्था की टीम द्वारा उपकरण वितरण किए गए जिला शिक्षा केंद्र विदिशा की ए पी सी श्रीमती ज्योति केदारे एवं लटेरी से सतीश कुमार शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित हुए कार्यक्रम का प्रारंभ बीआरसी श्री ओमप्रकाश रघुवंशी ने किया । सिरोंज के 45 बच्चों को कैलीपर्स, जूते, ट्राई साइकिल इत्यादि उपकरण एलमको द्वारा ऑनलाइन एंट्री की गई एवं श्रीमती ज्योति केदार एवं श्री ओमप्रकाश रघुवंशी द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपकरण, भोजन पैकेट एवं परिवहन राशि वितरित की गई वही जनपद शिक्षा केंद्र के समस्त स्टाफ, जन शिक्षकों, समन्वयकों, शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहयोग किया

## नगर पालिका को कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए

# भारत सरकार से मिली स्टार रैंकिंग, सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए चले अभियान



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर को ग्रीन और क्लीन बनाने के लिए विगत कुछ दिनों से ठोस कदम उठाते हुए विशेष सफाई अभियान भी प्रारंभ किया गया है । इसका उद्देश्य की नगर को साफ स्वच्छ व सुंदर बनाना है । साथ ही भारत सरकार के द्वारा नगर पालिका परिषद के द्वारा कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए उठाए गए कदम के लिए स्टार रैंकिंग दी गई है। इसके अलावा ओडीएफ के लिए भी नगर पालिका परिषद ने भारत सरकार के द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता में भाग लिया है जिसका परिणाम 11 जनवरी को आ सकता है उसमें भी अच्छे परिणाम आने की उम्मीद नगर पालिका परिषद को है। स्टार रैंकिंग मिलने पर नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू तथा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने इसका श्रेया जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा नगर वासियों को देते हुए कहा कि सबके सहयोग से ही नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर को कचरा मुक्त बनाने का काम किया गया है ।शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए काम किया जा रहा आने वाले दिनों में नगर और भी साफ और सुंदर बनेगा इसके लिए हम सब लोग मिलकर प्रयास कर रहे हैं। वहीं नगरपालिका के द्वारा 15 जनवरी तक शहर के सभी वार्डो को साफ स्वच्छ बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है ।

इस अभियान के तहत साफ-सफाई के बाद दबाकर छिड़काव किया जा रहा है। इस बार पुरानी नालियों जो की चौंक पड़ी है उनकी भी साफ सफाई करवाई जा रही है कुछ जगह अभी भी सफाई का अभाव देखने को मिल रहा है। जिसकी शिकायत भी लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर की जा रही है। नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारियां को इस ओर ध्यान देकर ऐसे स्थानों की भी साफ सफाई करवानी चाहिए। नगर को साफ सुंदर बनाने के लिए एक तरफ से नगर पालिका को काम करते हुए सफाई करनी होगी अभी इस अभियान में कुछ जगह नालियां खोद कर छोड़ दी गई है इस वजह से नगर पालिका की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा विशेष सफाई अभियान के लिए आयुर्वेद कार्यक्रम में कहा था कि इस अभियान का उद्देश्य धरातल पर नजर आना चाहिए इसमें किसी भी तरह की खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए अब देखना है कि उनके निर्देशन का नगर पालिका के द्वारा कितना कड़ाई से पालन करते हुए नगर को साफ स्वच्छ बनाने के लिए कितना अच्छा काम किया जाएगा।

### सड़क पर ही फेंकते हैं कई दुकानदार गंदगी

ऐसे दुकानदारों पर भी नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को कार्रवाई करनी है जिन दुकानदारों के द्वारा दुकानों से निकलने वाले कचरे गंदगी को सड़क पर ही फेंक दिया जाता है । कुछ दुकानदारों के द्वारा दिनभर गंदा पानी भी सड़क पर निकलने का काम किया जाता है।इस बजह से गंदी होती है ऐसे दुकानदारों को पहले नगर पालिका के जिम्मेदारियां विधायक देनी चाहिए इसके बाद भी जो गंदगी करता है उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी होगी तभी इसमें परिवर्तन होगा साथ ही नगर वासियों वह भी सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए धरातल पर काम करना होगा बैनर पोस्टर लगाकर खाना पूर्ति करना बंद किया जाए तभी लोगों में जागरुकता आएगी सड़कों पर अभी भी कूड़े के ढेर लगाए जाते हैं।

### दुकानदारों में जागरूकता का अभाव

अभी भी सफाई के प्रति अधिकांश लोगों एवं दुकानदारों में जागरूकता की कमी देखने को मिलती है ,या फिर कुछ लोगों के द्वारा जानबूझकर ही सड़कों पर गंदगी फैलाने का काम किया जाता है। ऐसे लोगों पर पहले समझा देकर सड़कों पर गंदगी करने के लिए मना किया जाए कुछ लोगों के द्वारा नालियों में ही कचरा डाल दिया ईश्वर से नलिया चौक हो जाती है कई दुकानदारों ने नालियों पर कब्जा कर रखा है इस वजह से इनमें से पानी नहीं निकलता है ऐसी स्थिति में नागर साफ स्वच्छ सुंदर कैसे बन पाएगा ।

# कृषि और ग्रामीण बाजार में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को लेकर बीएचएम एग्रीमार्ट रोजगार मेला




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

एस.डी.ए.एम महाविद्यालय में 5 जनवरी, एवं 6 जनवरी को बीएचएम एग्रीमार्ट रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ग्रामीण भारत के शिक्षित/अर्धशिक्षित और कुशल/अर्धकुशल नौजवानों को भारत की तेजी से बढती अर्थव्यवस्था में कृषि और ग्रामीण बाजार में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेला आयोजित किया गया । इस ओपन रोजगार मेले में कुल 22 प्रतिभागियों का चयन हुआ जिसमें महाविद्यालय की 3 छात्राएं संध्या कुशवाहा ( बी.एससी द्वितीय वर्ष ), महक राजपूत ( बी.एससी द्वितीय वर्ष ) एवं पूजा सेन ( बी.एससी द्वितीय वर्ष ) का चयन किया गया है । इस रोजगार मेले के आयोजन के लिए रजिस्ट्रार राजेश कुशवाहा ने बीएचएम एग्रीमार्ट ग्रुप के इन्द्रभान सिंह ( सीनियर एचआर ), मनीष सक्सेना ( लीड एण्ड डेवलपमेंट मैनेजर ), कमल सिंह ( एरिया सेल्स मैनेजर ) एवं उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया । बीएचएम एग्रीमार्ट गुरुफ द्वारा कहा गया कि इस रोजगार मेले के प्रति महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का उत्साह अभूतपूर्व था और भविष्य में रोजगार से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित कराने का प्रयास करते रहेंगे । कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# निर्वाचक नामावली का मतदान केंद्र हिरनखेड़ा में प्रकाशन




**सिवनी मालवा।** 6 जनवरी को मतदान केंद्र क्रमांक-165 एवं 166 ग्राम हिरनखेड़ा में शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला प्रांगण में बीएलओ द्वारा निर्वाचक नामावली सूची का प्रकाशन किया गया । इस अवसर पर सरपंच, ग्राम पंचायत परिषद के पदाधिकारी, शाला के शिक्षक गण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता- सहायिका, एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन मेगा इवेंट हेतु जागरूकता अभियान

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री जनमन योजना मेगा इवेंट की तैयारी हेतु जागरूकता अभियान एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के संबंध में जनजातीय कार्य विभाग अपर मुख्य सचिव श्री एसएन मिश्रा द्वारा निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने जिले में मिशन तहत चिंहित सहरिया जनजाति बाहुल्य गांव व समुदाय में मुहिम चला कर व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने हेतु संबंधितों के विभागों अधिकारियों को ताकीद किया है। पीएम जनमन के प्रचार प्रसार हेतु आई.ई.सी., पीएम जनमन अंतर्गत क्रियान्वित की जाने वाली समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं यथा ष्आधार कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम जन धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा, पीएम विश्वकर्मा, सुकन्या स्मृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएम राष्टीय डायलिसिस कार्यक्रम, सिकल सेल मिशन, राष्टीय क्षय रोगउन्मूलन कार्यक्रमष् के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाकर शतप्रतिशत लक्ष्य 15 जनवरी 2024 के पूर्व अनिवार्य रूप से प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

पीएम जनमन अंतर्गत सम्मिलित समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु स्वयं स्थल भ्रमण के साथ ही कैम्प आयोजित कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी पीवीटीजी ग्राम, बसाहटों का शत प्रतिशत सर्वेक्षण, सत्यापन कराया जावे।

# अभिभाषक संघ के हुए चुनाव, कपिल त्यागी बने अध्यक्ष विरोधी शोएब खान को मिले 7 वोट



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शनिवार को अभिभाषक संघ के लिए चुनाव हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर कपिल त्यागी निर्वाचित हुई उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी शोएब खान को 81 वोटो से हराया चुनावी प्रक्रिया सुबह 11बजे से न्यायालय परिसर स्थित अभिभाषक संघ कक्ष में वार्षिक चुनाव हेतु मतदान शुरू हुआ दोपहर 3 मतदान की प्रक्रिया चली अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा एवं सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश शर्मा अरविंद सोनी थे। जिन्हें बताया कि अध्यक्ष के लिए एडवोकेट कपिल त्यागी और एडवोकेट शोएब खान के बीच में चुनाव हुए जिसमें कपिल त्यागी को 89 मत मिले और शोएब खान को सात मत मिले तीन मत निरस्त हुए इस तरह से अध्यक्ष पद पर कपिल त्यागी निर्वाचित हुए उपाध्यक्ष पद के लिए भी चुनाव हुआ जिसमें राजेश श्रीवास्तव 66 मत मिले इनके प्रतिद्वंदी राजू साहू को 33 मत प्राप्त हुए,। वहीं सचिव पियूष चौरसिया एवं अख्तर खान एडवोकेट सह सचिव एवं कोषाअध्यक्ष रितेश अग्रवाल मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा एडवोकेट को निर्विरोध चुने गए हैं। सभी पदाधिकारी का फूल माला मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

**मेट्रो एंकर**

## गाँव गाँव पहुँची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्रों का वितरण






**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों से संवाद स्थापित कर देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा को लेकर आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को यह विकसित भारत संकल्प यात्रा सिरोंज विधानसभा के देवपुर मंडल के आधा दर्जन ग्राम पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँची। प्रशासन स्तर पर आयोजित यात्रा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा संगठन के नेतागण शामिल हुए। ग्राम पंचायत भौरा में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी ने ग्रामीण नागरिको को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया । इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने कहा कि क्षेत्र के लोकप्रिय बिधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में यह विकसित भारत संकल्प यात्रा गाँव गाँव मे निकाली जा रही है। क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए संकल्पित विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से प्रत्येक पंचायत के समग्र विकास के लिए प्रयास किये जा रहे है। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत भौरा, प्यासी, भिंयाखेड़ी, सरेखो भी पहुंची प्रत्येक स्थान पर आयोजित आयोजन में जनप्रतिनिधियों ने केंद्र व राज्य सरकार के हितग्राहियों से संबाद किया एवं प्रमाण -पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दरयाव सिंह जी कुर्मी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह जी दांगी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री हमीर सिंह जी यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री फूल सिंह जी दांगी,पूर्व जनपद अध्यक्ष संजीव माथुर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री भैंरौ सिंह जी कुर्मी, मंडल उपाध्यक्ष श्री माखन सिंह जी गुर्जर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री मोहन सिंह जी धाकड़, महामंत्री श्री भागीरथ जी कुर्मी, सेक्टर प्रभारी श्री संतोष जी दांगी , श्री संजीव जी शर्मा, श्री सुनील जी शर्मा, श्री प्रहलाद सिंह जी दांगी, श्री राजेन्द्र सिंह जी दांगी, श्री अमित जी शर्मा, श्री दिनेश जी शर्मा,मौजूद रहे !

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल

Mobile No. : 9425601534

ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com

क्र.- मप्रपुआअविनि/10/पयं/भोपाल-02/तशा/24 भोपाल, दि. 3.1.24

**प्रेस विज्ञप्ति**

जिला नीचम, नरसिंहगढ़, भोपाल, टीकमगढ़, सीहोर, देवास, राजगढ़, खण्डवा एवं शाजापुर में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर हेतु सेंसर डोर को प्रदाय एवं स्थापित करने के कार्य हेतु निविदा क्रमांक - 19/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक- MPPHCL/TENDER No. - 2024_MPPHC_324198_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.01.2024 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य बिवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/113115/2024 परियोजना यंत्री

Life&Style

# रोज 7 घंटे सोना जरूरी समझिए नींद का विज्ञान...

पता नहीं आपने वो वाले वॉट्सऐप फॉरवर्ड देखे हैं कि नहीं, जिसमें बताया जाता है कि प्रधानमंत्री सिर्फ 3 से 4 घंटे नींद लेते हैं। कुछ लोग पीएम से सीखकर ऐसा रूटीन बनाने की समझाइश भी देते हैं, खुद पीएम नरेंद्र मोदी 'मन की बात' में 7 घंटे सोने की सलाह दे चुके हैं।

### नींद की क्वालिटी है जरूरी

एक रिपोर्ट बताती है कि कम सोने वाले बच्चों का स्कूल में और एडल्ट्स का ऑफिस में प्रदर्शन कमतर होता है। कम सोने वाले ड्राइवर्स के एक्सीडेंट करने की आशंका ज्यादा होती है। 7 घंटे नींद का मतलब 7 घंटे बिस्तर पर पड़े रहना या आंखें बंद करना नहीं है। अगर नींद की क्वालिटी अच्छी है तो संभव है कि 6.5 घंटे में ही शरीर अपनी नींद की जरूरतें पूरी कर ले और अगर क्वालिटी खराब हुई तो 8 घंटे सोकर भी शरीर को फायदा नहीं होगा।

### उम्र का नींद से है उल्टा रिश्ता

इंसानी शरीर अपने आप में पूर्ण है। यह बिना किसी बाहरी मदद के अपने भीतर आई खराबियों को ठीक करने और विकास करने का काम लगातार करता रहता है। यह काम ज्यादातर नींद के दौरान होता है, जब हमारे ग्रोथ हॉर्मोन सक्रिय होते हैं। छोटे बच्चे खूब सोते हैं। इसके पीछे साइंटिफिक रीजन है। बच्चों का शरीर विकसित हो रहा होता है। उनके ब्रेन टिश्यू, शरीर की कोशिकाएं और पूरा का पूरा शरीर ही ग्रो कर रहा होता है। इसी दौरान उनके ग्रोथ हॉर्मोन ज्यादा रिलीज होते हैं। इसलिए जितना छोटा बच्चा होता है, वह उतना ज्यादा सोता है। जबकि बुजुर्गों को नींद बहुत कम आती है क्योंकि उनके शरीर में नए टिश्यू निर्माण और पुराने की मरम्मत की दर धीमी होती है। ऐसे में अगर 4 बजे भोर में उठकर घर के बुजुर्ग बच्चों को देर तक सोने के लिए ताने दें तो यह नाइंसाफी होगी। क्योंकि नींद और उम्र का रिश्ता उल्टा है। उम्र जितनी अधिक होगी, नींद की जरूरत उतनी कम होती जाती है।

*कम सोएं तो थकने लगता है दिल-दिमाग: नींद के दौरान हॉर्ट बीट, ब्लड प्रेशर और नर्वस सिस्टम स्लो हो जाता है। सांस की दर भी धीमी हो जाती है। इस दौरान तन और मन अगले दिन के लिए तैयार होता है। दिन भर जो कुछ किया, सीखा, सोचा, वह नींद के दौरान ही यादों की पोटली में कैद किया जाता है। जाना सीखा और उस रात अच्छी नींद नहीं ली तो संभव है कि गिटार बजाने की कला उसके अवचेतन मन तक नहीं पहुंच पाए और दो-चार दिन में ही वह इसे भूल जाए।*



टेनिस का वर्ल्ड कप: 3 फरवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट

# भारत का डेविस कप प्ले-ऑफ मुकाबला इस्लामाबाद में होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय टेनिस एसोसिएशन ने फरवरी में इस्लामाबाद में पड़ोसियों के खिलाफ डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप 1 प्ले-ऑफ मुकाबले के लिए नेशनल टीम की पाकिस्तान यात्रा पर खेल मंत्रालय से सलाह मांगी है। मुकाबला 3 फरवरी को खेला जाना है। एआईटीए ने पहले इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन से मुकाबले को न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट करने की मांग की थी, जिसे खारिज कर दिया इसके बाद एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि हमने खेल मंत्रालय से सलाह मांगी है कि पाकिस्तान की यात्रा पर क्या नीति है। यह टेनिस का विश्व कप है. हम उत्तर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। डेविस कप टेनिस का वर्ल्ड कप होता है। इसमें पूरी टीम के मैचों के पॉइंट्स काउंट होते है। टेनिस में आमतौर पर प्लेयर सिंगल्स और डबल्स इवेंट्स में रैंक और क्वालिफिकेशन के आधार पर उतरते है।



### 2019 में कजाकिस्तान में हुआ था मुकाबला

भारत 2019 में भी पाकिस्तान से पाकिस्तान में भिड़ने के लिए तैयार था, लेकिन एआईटीए की मांग पर मुकाबले को कजाकिस्तान में कराया था। इससे नाराज पाकिस्तान के टॉप प्लेयर भारत के खिलाफ मुकाबले से हट गए थे और पाकिस्तान ने नौसिखिए खिलाड़ियों की टीम उतार दी थी और भारत 4-0 के जोरदार अंतर से विजेता बना।

### धूपर बोले- पाकिस्तान में डेविस कप खेलने में आपत्ति नहीं

एआईटीए महासचिव ने कहा- हमें पाकिस्तान में डेविस कप के मुकाबले खेलने में ऐतराज नहीं है। खेल मंत्रायल भी इससे नहीं रोकता है। हमारी चिंता सुरक्षा की है। मुझे उम्मीद है कि डेवस कप मैच के लिए मंत्रालय भी इंकार नहीं करेगा। वे द्विपक्षीय सीरीज से परहेज करते हैं।

### रामनाथन व मायनेनी जाएंगे, नागल बाहर

इंडिया के टॉप प्लेयर सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद मुकाबले से हट गए हैं, दोनों खिलाड़ियों ने सूचित कर दिया है कि वे फरवरी में होने वाले विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। जीतने वाली टीम 2024 सीजन के बाकी हिस्सों के लिए वर्ल्ड ग्रुप-आई में रहना तय करेगी। भारतीय टीम में रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी पूनाचा व साकेत मायनेनी को जगह दी है। दिग्विजय सिंह को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में नॉमिनेट किया है।

### 1964 में आखिरी बार किया था दौरा

आखिरी बार भारतीय डेविस कप टीम ने 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था, जब टीम इंडिया ने मेजबान टीम को 4-0 से हराया था। इस बार यदि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाती है, तो मेजबान देश को टाई दे दिया जाएगा और भारतीय टीम वर्ल्ड ग्रुप में चली जाएगी।

## श्रीलंका : टी20 विश्व कप में कप्तान होंगे हसरंगा

**नॉटिंघम, एजेंसी**

श्रीलंका क्रिकेट में बड़ा बदलाव हुआ है। आईसीसी द्वारा निलंबित किए जाने के बाद लंकाई बोर्ड ने अब टीम को लेकर अहम फैसला किया है। उसने टेस्ट, वनडे व टी20 तीनों फॉर्मेट में नए कप्तान के नाम की घोषणा की है। हसरंगा जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व करेंगे। श्रीलंका की टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ छह जनवरी से तीन वनडे और 14 जनवरी से तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम अफगानिस्तान से तीन टी20, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए 32 साल के धनंजय डी सिल्वा को टेस्ट कप्तान नियुक्त किया है। वहीं, कुसल मेंडिस वनडे और वानिंदु हसरंगा टी20 में कमान संभालेंगे। टेस्ट कप्तान दिमुथ करुणारत्ने और वनडे-टी20 कप्तान दासुन शनाका को उनके पद से हटा दिया गया है। पहली बार क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में श्रीलंका के पास अब अलग-अलग कप्तान हैं।

## अफगानिस्तान : इब्राहिम जादरान करेंगे कप्तानी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान हो चुका है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 3 टी-20 की सीरीज के लिए 19 प्लेयर्स चुने हैं। टीम की कप्तान ओपनर इब्राहिम जादरान करेंगे। वहीं राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने स्क्वॉड में वापसी की है। राशिद ने हाल ही में पीठ की सर्जरी कराई थी। इसी वजह से वो हाल ही में यूएई के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान की भी टीम में वापसी हुई है, जो श्र के खिलाफ हालिया टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी से होगी।

**11 जनवरी से शुरू होगी अफगानिस्तान सीरीज:** भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी-20 मैचों की सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी। टीम इंडिया मोहाली में पहला टी-20 खेलेगी। दूसरा मैच 14 जनवरी को इंदौर और तीसरा मैच 17 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा। टी-20 से पहले भारत 3 ही टी-20 मैच खेलेगा।

**मेट्रो एंकर** अब तक दक्षिण अफ्रीकी जमीन पर बुमराह टेस्ट में 38 विकेट ले चुके

# बॉलर जसप्रीत बुमराह ने शेन वॉर्न-एंडरसन जैसे दिग्गजों को पछाड़ा, बना दिया रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने मैच की दूसरी पारी में छह विकेट निकाले। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह सिर्फ तीसरा मौका था, जब सभी विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए हैं। इससे पहले 2018 में दक्षिण अफ्रीका और 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा हुआ था। उन दोनों मुकाबलों में भी बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की थी। इस पारी में छह विकेट लेने के साथ ही बुमराह ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। दक्षिण अफ्रीकी जमीन पर बुमराह टेस्ट में 38 विकेट ले चुके हैं। इस देश में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीयों की सूची में वह तीसरे स्थान पर हैं। इस सूची में अनिल कुंबले 45 विकेट के साथ पहले और जवागल श्रीनाथ 43 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बुमराह ने सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड) में छठी बार पांच विकेट लिए हैं। इस मामले में वह सिर्फ कपिलदेव से पीछे हैं, जिन्होंने सेना देशों में सात बार पंजा झटका है। भगवत चंद्रशेखर और जहीर खान ने भी सेना देशों में छह बार पांच विकेट लिए थे।



### जवागल श्रीनाथ की बराबरी की

दक्षिण अफ्रीका में सबसे ज्यादा बार पांच विकेट लेने के मामले में बुमराह ने जवागल श्रीनाथ की बराबरी कर ली है। दोनों ने अफ्रीकी धरती पर तीन बार यह कारनामा किया है। न्यूलैंड्स के मैदान में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजी की सूची में बुमराह दूसरे नंबर पर आ गए हैं। वह अब तक इस मैदान में 18 विकेट ले चुके हैं। इंग्लैंड के कोलिन ब्लिथ 25 विकेट के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं।

**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना

फिल्म की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा

## एक्टर अजय देवगन ने शुरू की फिल्म 'रेड 2' की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म 'रेड' दर्शकों को खूब पसंद आई थी। वहीं अब अभिनेता के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। एक बार फिर अजय भ्रष्टाचारियों के घर रेड डालने के लिए तैयार हैं। जी हां, फिल्म के निर्माताओं ने 'रेड' के सीक्वल का एलान करते हुए पोस्टर साझा किया। 2018 की ब्लॉकबस्टर 'रेड' की जबरदस्त सफलता के बाद अजय देवगन 'रेड 2' के लिए निर्देशक राजकुमार गुप्ता के साथ फिर से जुड़े हैं। आयकर विभाग के गुमनाम नायकों का जश्न मनाते हुए फिल्म की अगली कड़ी फिर से मेकर्स एक सच्चा मामला बताने के लिए तैयार हैं।

### निर्माताओं ने साझा किया पोस्टर

फिल्म के निर्माता अभिषेक पाठक ने आगामी फिल्म के एक पोस्टर के साथ इस खबर की घोषणा की। पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, इंतजार खत्म हुआ। अजय देवगन रेड 2 में आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक के रूप में वापस आ गए हैं। 15 नवंबर 2024 को बड़े पर्दे पर एक और सच्चा मामला लाने के लिए तैयार हैं। अब साफ है कि यह फिल्म इस साल 15 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अजय की आने वाली फिल्में फिल्म का पहला भाग 'रेड' 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह पर आईटी विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए वास्तविक जीवन के आयकर छापे पर आधारित था, जो तीन दिन और दो रातों तक चलने वाला भारतीय इतिहास का सबसे लंबे छापा था। अब अजय एक बार फिर यह कारनामा करने के लिए तैयार हैं। वहीं बात करें अजय की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वे 'मैदान' की रिलीज के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही वे 'सिंघम अगेन' और तब्बू के साथ रोमांटिक ड्रामा 'औरों में कहां दम था' में भी नजर आएंगे।

### शुरू हुई फिल्म की शूटिंग

अजय देवगन की रेड का सीक्वल आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म की शूटिंग आज छह जनवरी से मुंबई में शुरू हो गई है और इसे बड़े पैमाने पर मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शूट किया जाएगा। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियो के तहत किया है।

## उर्वशी की बिगड़ी तबीयत नया साल 'कोमोलिका' के लिए बना मुसीबत



टीवी की मशहूर एक्ट्रेस और कसौटी जिंदगी से घर घर पहचान बनाने वाली उर्वशी ढोलकिया के फैंस के लिए बुरी खबर है। दरअसल, उनके बेटे ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की अस्पताल से फोटो शेयर की है। जिसमें वह अस्पताल के बेड पर लेटी हुई नजर आईं। दरअसल, उर्वशी ढोलकिया के बड़े बेटे क्षितिज सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते है। उन्होंने एक्ट्रेस की अस्पताल से फोटो शेयर की है। जानकारी के मुताबिक, उर्वशी की अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसके कारण उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उर्वशी ढोलकिया की इस तस्वीर को देख उनके फैंस की चिंता बढ़ गई है। खबरों के मुताबिक, उर्वशी को अपनी गर्दन में ट्यूमर का पता चला था। जिसकी वजह से उन्होंने अब सर्जरी कराई है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि उनकी गर्दन पर पट्टी लगाकर डॉक्टरों ने कवर किया है। जानकारी के मुताबिक एक्ट्रेस की सर्जरी पूरी तरह से सफल रही और वह फिलहाल खतरे से बाहर हैं।

## एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और तृप्ति के बाद नेशनल क्रश बनी श्रद्धा



साउथ से बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को पुष्पा फिल्म के बाद से नेशनल क्रश कहा जाने लगा. लेकिन एनिमल फिल्म के बाद से यह टैग तृप्ति डिमरी के नाम हो गया. लेकिन अब यह एक ऐसी एक्ट्रेस को मिल गया है, जिनकी फिल्म ने 20 करोड़ के बजट में दुनियाभर में 60 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. इतना ही नहीं रिलीज के दो महिने बाद भी सिनेमाघरों में इस फिल्म की धूम मची हुई है. दरअसल, हम बात कर रहे हैं मेधा शंकर की, जिन्होंने 12वीं फेल में श्रद्धा जोशी का किरदार निभाया था. उन्हें इस फिल्म के कारण लोग नेशनल क्रश कहने लगे हैं. मेधा की यह बचपन की तस्वीर में उनकी क्यूटनेस का अंदाजा लगाया जा सकता है. 2016 में एक्टिंग डेब्यू करने वाली मेधा शादिस्तान, बेकघम पैलेस, दिल बेकरार और 12वीं फेल में नजर आ चुकी हैं. वहीं इस लेटेस्ट फिल्म के कारण उनकी फैन फॉलोइंग भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बढ़ रही है. 12वीं फेल की बात करें तो 27 अक्टूबर 2023 को रिलीज हुई 12वीं फेल को विधू विनोद चोपड़ा ने डायरेक्ट किया है।

रात 3 बजे मंगाया था कोचर के लिए केक

## विक्रम को शाहरुख ने कर दिया था इमोशनल

डंकी फेम एक्टर विक्रम कोचर ने शाहरुख खान के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया है। विक्रम ने कहा कि शाहरुख के एक जेस्चर से वे काफी ज्यादा इमोशनल हो गए थे। डंकी के सेट पर शाहरुख ने उनके लिए तीन केक मंगाए थे। दरअसल उसी बीच विक्रम का बर्थडे था। विक्रम को इस बात का थोड़ा भी अंदाजा नहीं था कि शाहरुख उनके लिए केक मंगाएंगे। दरअसल वे सभी शाहरुख के साथ अंडरवॉटर शूटिंग कर रहे थे। शूटिंग तीन बजे भोर तक चली थी, उसी दिन विक्रम का जन्मदिन था। किसी ने विक्रम को बताया कि उन्हें शाहरुख खान याद कर रहे हैं। जब विक्रम वहां पहुंचे तो सामने तीन केक रखे थे। यह देख कर विक्रम काफी इमोशनल हो गए।



### शाहरुख का नंबर मांगने की हिम्मत नहीं थी

कोचर ने एक इंटरव्यू में कहा- मैं शाहरुख सर से बात करने में काफी डरता था। उन्हें मैसेज या कॉल करने की हिम्मत नहीं थी। उनसे फोन नंबर मांगने की भी हिम्मत नहीं थी। जब भी जरूरत होती तो उनकी मैनेजर पूजा ददलानी के जरिए बात करनी पड़ती थी। उधर से कभी-कभार पूजा मैम का मैसेज भी आता था। डंकी में विक्रम कोचर ने एक पंजाबी युवक का किरदार निभाया है। उनके काम की तारीफ हो रही है। डंकी में विक्रम कोचर ने एक पंजाबी युवक का किरदार निभाया है। उनके काम की काफी तारीफ हो रही है। तेज बुखार में शूट कर रहे थे विक्रम, शाहरुख ने गले लगाकर काम की तारीफ की विक्रम कोचर ने आगे कहा- मैं बुडापेस्ट में 103 डिग्री फीवर में शूटिंग कर रहा था।

### घर देख आंखें चौंधिया गईं

कोचर ने एक पुराने इंटरव्यू में शाहरुख खान के बंगले मन्नत से जुड़ा किस्सा भी सुनाया था। उन्होंने होम बॉलीवुड से बात करते हुए कहा- मैं दो साल पहले शाहरुख सर के घर गया था। हालांकि इनविटेशन के बाद भी मैं श्योर नहीं था कि उनके घर जाना या है नहीं। जाहिर सी बात है कि वो शाहरुख खान हैं। विश्वास करना मुश्किल था कि मुझे उनके घर बुलाया जा रहा है। जब मैं उनके घर गया तो मेरी आंखें चौंधिया गईं। जैसा मैंने सोचा था, उनका घर उससे भी खूबसूरत निकला।

# ऑटो सवार बदमाशों ने मचाया उत्पात, दो गिरफ्तार, युवक को मारा था चाकू

**शहर के ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग उपराव दुल्हा का मामला**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग उपराव दुल्हा में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात ऑटो में आए बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाते हुए घर के बाहर सड़कों पर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ कर दी थी। इतना ही नहीं आरोपियों ने सड़क पर खड़े युवक से मारपीट करते हुए पीठ में चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने उक्ड़त मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकि की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार बाग उपराव दुल्हा निवासी मोहम्मद सहाब (40) बैटरी आटो चलाते हैं। शुक्रवार रात वह अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए नवीन नगर आए थे। रात करीब एक बजे दोनों घर के बाहर खड़े हुए थे, तभी तीन-चार बदमाश पहुंचे और सहाब के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो एक बदमाश ने सहाब की पीठ में चाकू से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद रिश्तेदार ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। इसी बीच वहां बदमाशों के तीन अन्य साथी आटो लेकर पहुंचे थे। उस आटो में आरोपी बैठे और भाग निकले।

### वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए निकले बदमाश

सभी बदमाश एक आटो में मोहल्ले में घूम रहे थे और सड़क किनारे खड़े वाहनों में तोड़फोड कर रहे थे। तोड़फोड़ की आवाज सुनकर जब तक लोग बाहर निकले, तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। आरोपी जब नवीन नगर पहुंचे तो उन्होंने सहाब और उसके साथ खड़े रिश्तेदार को देखकर गाली-गलौज की। इसी बीच पीछे से मोहल्ले वाले पहुंचे तो बदमाश भाग निकले। पुलिस ने सहाब की रिपोर्ट पर अरमान, शफीक बच्चा, अदनान, अमन, फरदीन और मुन्ना के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट, चाकूबाजी, हत्या का प्रयास और तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने उक्त मामले में अरमान और फरदीन को गिरफ्तार कर लिया है, बाकि की तलाश की जा रही है।

## क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर, 53 लीटर अवैध शराब भी जब्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी की क्राइम ब्रांच नए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखी 53 लीटर से ज्यादा शराब जब्त की है। जब्त हुई शराब की कीमत 21 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि शाहजहांनाबाद स्थित मजदूर नगर पुलिया के पास एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध शराब लेकर खड़ा है और उसे कहीं पर सप्लाई करने के लिए जाने वाला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम डेनी मकवाना (44) निवासी मिलेट्री गेट के पास शाहजहांनाबाद बताया। डेनी के पास मौजूद बोरियों को खोलने पर अंदर 53.10 लीटर अवैध शराब रखी मिली, जिसे जब्त कर लिया गया।

## इंद्रा नगर में युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित इंद्रा नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया था। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंप दिया गया। एएसआई अमित श्रीवास्तव ने बताया कि मोहित कुमार शर्मा पिता रमेश कुमार शर्मा (35) इंद्रा सहायता नगर, ऐशबाग में रहता था। वह तलाकशुदा था। परिवार में माता पिता हैं और वह मकान में नीचे रहते हैं, जबकि मोहित ऊपर वाले कमरे में अकेले रहता था। मोहित शराब पीने का आदी था। चौक बाजार में साड़ी की दुकान पर काम करने वाले मोहित दो महीने से दुकान भी नहीं जा रहा था। पिता रमेश कुमार ने बताया कि वह पंडिताई करते हैं। कल शाम करीब छह बजे वह ऊपर वाले कमरे में पहुंचे तो उन्होंने मोहित को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## अवधपुरी में युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को अब तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस मामले पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अवधपुरी थाना पुलिस के मुताबिक झागरिया खुर्द निवासी खेमचंद बंजारा पुत्र मोतीलाल ने शुक्रवार को वेदवती कॉलोनी के पीछे जंगल में एक पेड़ से गमछे का फंदा बांधकर फांसी लगा ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव बरामद किया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। उन्हें अब तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस इस मामले में परिजनों से पूछताछ जारी है।

## निगरानी बदमाश समेत दो गिरफ्तार

# चोरी के आधा दर्जन दोपहिया वाहन बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**छोला मंदिर पुलिस ने मोटर सायकिलें चोरी कर भाग रहे एक निगरानी समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के बाद आरोपियों से कुल 6 दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। बदमाशों को पकड़ने में मोहल्ले वालों की सराहनीय भूमिका रही है।**



पुलिस के मुताबिक हिम्मत सिंह लोधी ग्राम रासलाखेड़ी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि तीन जनवरी की रात उन्होंने अपनी टीवीएस बाइक और पड़ोसी भारत सिंह ठाकुर ने सीडी डीलक्स बाइक अपने घर के सामने खड़ी की थी। रात करीब सवा एक बजे खटपट की आवाज सुनकर वह बाहर निकले तो देखा तो दोनों लोगों की बाइक चोरी कर दो लोग लेकर जा रहे हैं। हिम्मत सिंह ने तुरंत ही पुलिस को सूचना दी और मोहल्ले वालों को बताया। उसके बाद घेराबंदी कर दोनों को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम करण महावर (37) निवासी छोला मंदिर और शंकरलाल कुर्मी (24) निवासी नागपुर बताया। आरोपी करण छोला मंदिर का निगरानी बदमाश है। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने तलैया और श्यामला हिल्स इलाके से भी बाइक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की कुल 6 बाइक बरामद की है।

## अस्पताल कर्मी को धक्का देकर मोबाइल लूट ले गए बाइक सवार बदमाश



बागसेवनिया इलाके में शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे पैदल जा रहे एक अस्पताल कर्मचारी को धक्का देकर बाइक सवार बदमाश मोबाइल फोन छीन ले गए। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक संदीप मेवाड़ा (26) एक निजी अस्पताल में मेल नर्स का काम करते हैं और अस्पताल के ही एक कमरे में रहते हैं। संदीप रोजाना सुरेंद्र पैलेस के पास स्थित होटल में खाना खाने जाते हैं। शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे वह होटल से खाना खाने के बाद पैदल अस्पताल लौट रहे थे। इस दौरान मोबाइल पर किसी से बातचीत करते हुए चल रहे थे। संदीप जैसे ही विद्या नगर स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, वैसे ही पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया और भाग निकले। पुलिस का कहना है कि बदमाशों ने संदीप को धक्का दिया था, जिससे उनका मोबाइल जमीन पर गिरा और बदमाश उठाकर भाग निकले। इसी थानांतर्गत सुरेंद्र पैलेस में रहने वाले हर्ष मिश्रा के खुले कमरे से चोर एक लैपटाप चोरी कर ले गए। यह घटना पिछले महीने 26 दिसंबर की बताई गई है, जिसकी रिपोर्ट शनिवार को दर्ज कराई गई। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

## ट्रैफिक जागरुकता के लिए दोपहिया वाहन रैली, आयुक्त ने दिखाई हरी झंडी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वाहन चालकों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से रविवार को दोपहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली को पुलिस आयुक्त कार्यालय से शुरू किया गया। जिसे आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैकील कमिश्नर कार्यालय से लिली टाकीज, काली मंदिर तलैया, भारत टाकीज, अल्पना तिराहा, बस स्टेंड भोपाल टाकीज चौराहा, थाना शाहजहांनाबाद, तीन मोहरा, रॉयल मार्केट, जीएडी क्रासिंग, लालघाटी से खानूगांव, करबला, रेतघाट, पॉलिटेक्निक चौराहा, रोशनपुरा, रंगमहल, जवाहर चैक, डिपो चौराहा, पीएण्डटी चौराहा, माता मंदिर चौराहा, अर्जुन नगर, सुभाष स्कूल, राजीव गांधी चौराहा, प्रशासन अकादमी से 1100 क्वाटर, 10 नंबर ओल्ड केम्पीयन से सात नंबर, नूतन कॉलेज, व्यापम चौराहा से जेल रोड होते हुए वापस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई।

## पुलिस आरक्षक की बाइक से केस डायरी हो गई चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हमीदिया रोड पर एक रेस्टोरेंट के सामने खड़ी पुलिस आरक्षक की बाइक में लगे बैग से दो चोर केस की डायरी और पेट्रोल के हिसाब की डायरी चुराकर भाग गए। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। थाना पुलिस के मुताबिक आरक्षक असलम शेख थाना जहांगीराबाद थाना में पदस्थ है। वह थाना की डाक और वारंट का काम देखते हैं। हमीदिया रोड पर स्थित जमजम फास्ट फूड रेस्टोरेंट के सामने उनकी बाइक से केस डायरियां व ड्राइवर डायरी चोरी हो गई। बताया जाता है कि वारदात के वक्त आरक्षक एक वारंटी के बारे में पूछताछ कर रहा था। चोरी की यह वारदात रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## पुलिस आरक्षक के घर से जेवरात और नगदी चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पुलिस लाइन में रहने वाली महिला आरक्षक के क्वार्टर से अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी हो गए। पुलिस को अंदेशा है कि चोरी की वारदात में किसी परिचित का हाथ हो सकता है, क्योंकि इस वारदात में न तो मकान का ताला टूटा है और न ही अलमारी का ताला तोड़ा गया है। इस मामले में पुलिस की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार बैतूल जिला निवासी संध्या बरकने हमीदिया अस्पताल में नर्स है। वह पुलिस लाइन में बहन के साथ रहती हैं। बहन पुलिस आरक्षक है। संध्या ने पर्स में सोने-चांदी के जेवरात व नगद रुपए अलमारी में रखे थे। घर पर देखा तो अलमारी से पर्स, जेवरात और नगद राशि चोरी हो चुके थे।




**मेट्रो एंकर** — **ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ती है किशोरी**

# पढ़ाई के बहाने घर बुलाकर किया दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**नाबालिग किशोर के साथ रिश्ते में भाई लगने वाले आरोपी ने दुष्कर्म किया है। वह पढ़ाई के बहाने उसे घर ले गया और दुष्कर्म करता रहा। बताया गया 7 महीने तक आरोपी ने नाबालिग को शोषण किया। प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने आखिर चुप्पी तोड़ दी और पूरे मामले का खुलासा कर दिया।**



17 वर्षीय किशोरी ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा है। उसका रिश्ते का भाई भी ग्यारहवीं में पढ़ता है। दोनों के एक ही कक्षा में पढ़ने के कारण उनके बीच अक्सर होमवर्क को लेकर चर्चा होती थी। एक जून को उसके नाबालिग भाई ने उसे फोन कर कहा घर पर बुलाया था। पुलिस ने नाबालिग आरोपी को मामले की जांच के बाद पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है। उसे किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022